




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 16 अंक - 58 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 11 दिसंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गीता जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को गीता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध की शुरुआत में मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता का उपदेश दिया था। इस दिन गीता जयंती मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता अनेक महापुरुषों के लिए दार्शनिक मार्गदर्शक और आध्यात्मिक शिक्षक रही है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दी है। गीता में जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान मिलता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गीता जयंती का पर्व भगवद्गीता के दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का दिन है।

### जलाशय परियोजना के सर्वे कार्य के लिए 2.56 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखंड-शंकरगढ़ की बेलकोना जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए दो करोड़ 56 लाख 14 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई परियोजना के सर्वे कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### बादल खुलते ही बढ़ने लगी ठंड पांच डिग्री तक नीचे गिरा पारा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मौसम साफ हो गया है और अब ठंड में बढ़ोतरी होने लगी है। बीते कुछ दिनों से प्रदेश में बदली छाई हुई थी, जिससे ठंड न के बराबर थी। मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान में लगभग पांच डिग्री तक गिरावट हुई है। अब आउटर क्षेत्रों में ठंडी और शुष्क हवाओं की वजह से ठिठुरन की अहसास होने लगी है। साथ ही ओस की बूंदे भी जमने लगी हैं। वहीं दूसरी ओर गौरेला पेंड्रा मरवाही में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। मौसम साफ होते ही इन दिनों आउटर इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। घना कोहरा और उस ओस की बूंदे भी जमने लगी हैं। अब गर्म कपड़े और अलाव ही सहारा बना हुआ है। बताते चलें की मौसम साफ होते ही तापमान नीचे की ओर लुढ़कता जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बीते दिनों की तुलना में तीन से लेकर छह डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं आज बुधवार को तापमान एक से तीन डिग्री तक नीचे जाने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि प्रदेश में ठंडी और शूज कान्हो का आगमन लगातार जारी है। जिसके चलते प्रदेश के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंडी और शुष्क हवाओं के प्रभाव से प्रदेश में लगातार न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है।

# भारत के पास 2035 तक होगा अपना अंतरिक्ष स्टेशन, केंद्रीय विज्ञान मंत्री ने किया बड़ा एलान

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी को तिरुवनंतपुरम में की थी घोषणा

**नईदिल्ली।** भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। अब केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने बताया कि 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'हम 2035 तक अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जा रहे हैं। इसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा, 2040 तक हम एक भारतीय को चंद्रमा पर उतार सकते हैं।



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी को तिरुवनंतपुरम में गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा करने के बाद कहा था कि 2035 तक भारत के पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। अब उनका यह सपना जल्द साकार होता दिख रहा है। बता दें, अभी तक दुनिया में सिर्फ दो ही अंतरिक्ष स्टेशन हैं और अगर भारत वाकई अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाता है, तो ये ना सिर्फ ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, बल्कि भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश बन जाएगा, जिसके पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा।

### पहला मॉड्यूल 2028 में हो सकता है लॉन्च

बीएएस एक मॉड्यूलर स्पेस स्टेशन है जिसे भारत द्वारा जीवन विज्ञान, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान का समर्थन करने और अंतरिक्ष अन्वेषण को बढ़ाने के लिए विकसित किया जा रहा है। इसका पहला मॉड्यूल 2028 में LVMx लॉन्च वाहन द्वारा लांच हो जाने की उम्मीद है, यानि हल्के तौर पर भारत का काम चार साल बाद अंतरिक्ष में अपने इस स्टेशन के जरिए शुरू हो जाएगा। लेकिन पूरी तरह से भारत का ये अंतरिक्ष स्टेशन 2035 में पूरा होगा, जब इसके दूसरे मॉडयूल्स सेट कर दिए जाएंगे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के लिए योजनाओं का अनावरण किया है, जो भारत का पहला अंतरिक्ष स्टेशन बनने के लिए तैयार है। 52 टन वजनी बीएएस शुरू में तीन अंतरिक्ष यात्रियों की मेजबानी करेगा। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। हालांकि, भविष्य में इसकी क्षमता छह तक बढ़ाने की योजना है। बंगलुरू के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर में आयोजित कन्नड़ तकनीकी संगोष्ठी में यह प्रमुख जानकारी सामने आई है।

### जानिए क्या होता है भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन?

अंतरिक्ष स्टेशन असल में एक अंतरिक्ष यान है, जो काफी लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने में सक्षम होता है, लिहाजा इसे अंतरिक्ष का घर कहा जा सकता है। ये एक कृत्रिम उपग्रह होता है, जहां पर अंतरिक्ष यात्रियों के रुकने, स्पेसक्राफ्ट के ठहरने के लिए डॉकिंग पोर्ट होता है। अंतरिक्ष स्टेशन अक्सर वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए लॉन्च किए गए हैं, लेकिन यहां से सैन्य प्रक्षेपण भी हुए हैं, लिहाजा स्पेस स्टेशन का महत्व काफी ज्यादा है। अभी तक दुनिया के पास एक ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन था, जिसे नासा ने कई देशों के साथ मिलकर तैयार किया था। लेकिन, अब चीन ने भी अपना अंतरिक्ष स्टेशन तैयार कर लिया है। इसलिए अब अंतरिक्ष में दो अंतरिक्ष स्टेशन हो गए हैं। अगर भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बना लेता है, तो ऐसा करने वाला वो तीसरा देश होगा, जिसका नाम 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' (BSS) रखा गया है।

### क्यों महत्वपूर्ण है बीएएस?

बीएएस भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण, मानव स्वास्थ्य और जीवन-निर्वाह प्रौद्योगिकियों पर अध्ययन की अनुमति देगा। यह भारत को अंतरिक्ष अभियानों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा। अमेरिका और चीन जैसे देश पहले से ही अंतरिक्ष में अपने अंतरिक्ष यात्री भेज रहे हैं। अब भारत का नाम भी इसमें शामिल हो जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करना और अंतरिक्ष में नई व्यावसायिक संभावनाएं पैदा करना है। इसरो ने चंद्रयान-1 के साथ चंद्रमा पर पानी की खोज से लेकर चंद्रयान-3 के साथ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने तक, उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। बीएएस इसरो की विरासत में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि जोड़ेगा, जो वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की जगह को और मजबूत करेगा।

# बीजापुर में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या, घर से उठाकर ले गए और घोंट दिया गला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक और भाजपा नेता की हत्या कर दी। पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने इस हत्याकांड का अंजाम दिया है। नक्सली भाजपा नेता को घर से उठाकर ले गए और गला घोंटकर हत्या कर दी। शव के साथ नक्सलियों ने एक पर्चा भी छोड़ा है। जिसमें पुलिस मुखबिरी की बात लिखी गई है। सप्ताह भर के भीतर नक्सलियों ने पांच लोगों की हत्या कर दी है। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव से पहले नक्सली लगातार इस तरह की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात नक्सली फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सोमनपल्ली निवासी भाजपा नेता कुड़ियाम माड़ो



पिता मुरा कुड़ियाम (35) के घर पहुंचे। कुड़ियाम माड़ो को घर से उठाकर घर से कुछ दूरी पर ले गए और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी है। हत्या कर शव तोयनार चौक के पास फेंक दिया और मौके पर एक पर्चा छोड़ा। जिसमें माड़ो पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या किए जाने की बात लिखी गई है। घटना की सूचना के बाद बुधवार की सुबह पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इससे पहले नक्सलियों ने पूर्व सरपंच सुकालु फरसा व सुखराम सहित आंगनबाड़ी सहायिका लक्ष्मी पदम व एक ग्रामीण महिला सुकरा यालम की नक्सलियों ने हत्या कर दी।

# सरकार ने निकायों के लिए जारी की 66 करोड़ की पार्षद निधि भिलाई सहित 14 निगमों को मिलेंगे 21 करोड़ रुपए से ज्यादा

### ■ उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी की राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 166 नगरीय निकायों को कुल 66 करोड़ छह लाख रुपए की पार्षद निधि जारी की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने 14 नगर निगमों को 21 करोड़ 96 लाख रुपए, 48 नगर पालिकाओं को 20 करोड़ 70 लाख रुपए और 104 नगर पंचायतों को 23 करोड़ 40 लाख रुपए की पार्षद निधि जारी की है। नगरीय निकायों के विकास और नागरिकों की मूलभूत




आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये राशि प्रदान की गई है। वार्डों के विकास और आवश्यक कार्यों को पूरा करने के लिए इस निधि का उपयोग किया जाएगा।

नगरीय निकायों को जारी की गई पार्षद निधि की यह राशि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित कुल निधि का 50 प्रतिशत है। इससे पहले इस वर्ष जुलाई में भी निकायों को 65 करोड़ 72 लाख 24 हजार रुपए का आवंटन जारी किया गया था। पार्षद निधि के रूप में नगर निगमों में प्रत्येक वार्ड के लिए छह लाख रुपए, नगर पालिकाओं में प्रत्येक वार्ड के लिए साढ़े चार लाख रुपए और नगर पंचायतों में प्रत्येक वार्ड के लिए तीन लाख रुपए प्रावधानित है।

उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव से हाल ही में विभिन्न नगरीय निकायों के पार्षदों ने मुलाकात कर पार्षद निधि की राशि जारी करने की मांग की थी। डिप्टी सीएम साव ने उनकी मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग को पार्षद निधि जल्द जारी करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने नगरीय निकायों को इस निधि का उपयोग पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करने को कहा है। साथ ही सभी कार्यों का क्रियान्वयन वार्डों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पार्षदों की अनुशंसा से करने के निर्देश दिए हैं।

# हर्बल उत्पादों की आधुनिक ब्रांडिंग से 13 उत्पादों को बाजार में मिली नई पहचान

## छत्तीसगढ़ के केशोडार पीवीटीजी वन धन विकास केंद्र से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग द्वारा स्थापित वन धन विकास केन्द्र में आयमूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस संस्था से जुड़कर वनांचल के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। आधुनिक ब्रांडिंग और विशेषज्ञों के प्रशिक्षण से इन उत्पादों को बाजार में नई पहचान मिली है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में वन धन विकास केंद्र केशोड़ार की महिलाओं ने लगभग 82 लाख 50 हजार रूपए की हर्बल उत्पादों का विक्रय किया, जिसमें केन्द्र को 15 लाख रुपए की



शुद्ध आय हुई है। यह पीवीटीजी वनधन विकास केंद्र की महिलाओं को स्थायी आजीविका प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

गरियाबंद जिले के केशोड़ार गांव में स्थित पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की महिलाएं) वन-धन विकास केंद्र से परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक की सहायता से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया है। सभी महिलाएं आर्थिक रूप से सम्पन्न हो रही हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत स्थापित यह केंद्र भुतेश्वर नाथ हर्बल एण्ड मेडिसिन स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है।

इस केंद्र से 87 पीवीटीजी लाभार्थी महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो 8 स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कार्य कर रही हैं। इन केन्द्रों में महिलाओं के समूह द्वारा हर्बल औषधियों का उत्पादन किया जा रहा है।

### देशभर के उपभोक्ताओं तक पहुंच रहे उत्पाद

आयुष निर्देशालय (आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी) से अनुमोदित 13 हर्बल उत्पाद बनाई जा रही है, जिनमें महाविपगर्भ तेल, भृंगराज तेल, तुलसी चूर्ण, अमलाक्यादि चूर्ण, नवायस चूर्ण, कौंच चूर्ण, शतावरी चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, क्रीमिघ्न चूर्ण, प्रदारांतक चूर्ण, पुनर्नवा चूर्ण, सर्वज्वरहर चूर्ण और वैश्वानर चूर्ण है। इन उत्पादों को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बाजार में विपणन किया जाता है, जिससे इनकी पहुंच देशभर के उपभोक्ताओं तक हो रही है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी सभी पीवीटीजी महिलाएं मुक्त कंठ से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप को धन्यवाद देते हुए बताती हैं कि पीएम जनमन योजना से उनके जीवन में आर्थिक बदलाव आया है और वे बहुत खुश हैं। वन विभाग द्वारा महिलाओं को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है।

# बीहड़ के डाकू और जंगलों के नक्सल

श्रीकंचनपथ




1970 के दशक में मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी चंबल के डाकुओं से आम जनों की सुरक्षा गांधीवाद की लौ तब भी प्रखर रूप से प्रदीप्त थी। महात्मा गांधी और विनोबा भावे का सर्वोदय अपने चरम पर था। सर्वोदयी मानते थे कि डाकू किसी न किसी मजबूरी अथवा प्रताड़ना से बीहड़ों में पहुंचे हैं। उन्हें एक आम जिन्दगी जीने का दूसरा मौका मिलना चाहिए। सर्वोदयी डाकुओं के बीच जाते और उनकी काउंसलिंग करते। उन्हें हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित करते। आत्मसमर्पण शिविरों का आयोजन किया जाता। सर्वोदयी समाज को इस कार्य में अच्छी सफलता मिली। पर वह वक्त अब गुजर गया है। अब समस्या है नक्सलवाद की। वनाच्छादित खनिज बहुल इलाकों में इनकी धमक अब सरकार का सबसे बड़ा सिरदर्द है। जब-जब ऐसा लगता है कि नक्सलवाद अब खत्म हो गया, वो दोगुनी ताकत से हमला कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा देता है। छत्तीसगढ़ भी इस समस्या से परेशान है। सरकार ने दो साल के भीतर नक्सलवाद को जड़-मूल से साफकर देने का प्रण लिया है। पुलिस और अर्धसैनिक बल पूरी ताकत के साथ जंगलों में छिपे हथियारबंद आततायियों को नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। राज्य बार-बार भटके हुए नक्सलियों का आत्मसमर्पण के लिए आह्वान कर रहा है पर कोई बड़ी सफलता अभी नहीं मिल पाई है। राज्य की नक्सल पुनर्वास नीति भी कोई खास प्रभाव उत्पन्न करने में अब तक नाकाम रही है। संभवत: इसीलिए अब इन भटके हुए युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए प्रभावी काउंसलर्स की मदद ली जा रही है। कभी बोडो उग्रवादियों के सरगना रहे गोबिंदा चंद्रा बसुमतारी अब उदलगिरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। उदलगिरी असम का उपद्रवग्रस्त इलाका रहा है। बसुमतारी अपने साथियों के साथ बस्तर पहुंचने वाले हैं। वे इन भटके हुए युवाओं को बताना चाहते हैं कि वर्षों तक हथियार लिए जंगलों की खाक छानने के बाद भी उनके हाथ कुछ नहीं आया। इसलिए अब वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर अपने लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। एक विधायक के रूप में उन्हें ऐसा करने का अवसर मिला है। यदि बस्तर के युवा भी अपने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं तो उन्हें भी हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना होगा। पर डाकुओं और नक्सलियों में एक बड़ा अंतर है। डाकू इसी समाज के सताए हुए लोग थे जिन्होंने बीहड़ों की शरण ली थी। अधिकांश नक्सली लड़ाके उन्हीं जंगलों से आते हैं जिसपर उनका जीवन टिका हुआ है। एक समस्या नक्सलियों के शहरी नेटवर्क और हमदर्दों की भी है। वो प्रत्यक्ष रूप से अपने हाथ तो नहीं जलाते पर नक्सलियों के तौर तरीकों का समर्थन कर इसे जल-जंगल-जमीन के अधिकार से जोड़ते हैं। इसलिए अब यह और भी जरूरी हो जाता है कि हिंसा से परिवर्तन के इस भ्रमजाल तो तोड़ा जाए।




## संपादकीय

# रोजगार ढूंढना बड़ी चुनौती

*रोजगार ढूंढना बड़ी चुनौती*

*हर साल 15 लाख इंजीनियरिंग छात्र जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना उनके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले सिर्फ 10 फीसदी नौजवानों को सिक्योर जॉब मिलने की संभावना रह गई है। वैसे इंजीनियरिंग स्नातक केवल 60 प्रतिशत हैं, जिन्हें आज बाजार में रोजगार पाने लायक समझा जाता है।*

केवल उद्योग जगत की बात करें, तो ऐसे स्नातकों की संख्या महज 45 फीसदी है। भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई और उससे प्रशिक्षित होकर निकले इंजीनियरिंग स्नातकों की बदहाली की ये कहानी मानव संसाधन क्षेत्र की एजेंसी टीमलीज की ताजा रिपोर्ट से सामने आई है।

उसके मुताबिक इस बदहाली का प्रमुख कारण इंजीनियरिंग स्नातकों में आज के तकाजे के अनुरूप कौशल का अभाव है। भारत में हर साल 15 लाख छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना धीरे-धीरे उनके लिए एक बड़ी चुनौती बनता गया है। दुखद यह है कि संबंधित चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं बनी है। रिपोर्ट में उचित ही इस ओर ध्यान खींचा गया है कि लंबे समय से इंजीनियरिंग शिक्षा भारत के विकास की बुनियाद रही है। इसीलिए नौजवानों के लिए करियर का यह पसंदीदा विकल्प रही। देश में बुनियादी ढांचे के विकास एवं सकल प्रगति को आकार में इंजीनियरों की प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन अब हालत बदल चुकी है। तकनीकी उन्नति जिस दिशा में हुई, भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा को उसके अनुरूप विकसित नहीं किया गया।

नतीजा अब भुगतना पड़ रहा है। नेसकॉम का अनुमान है कि अगले दो-तीन साल तक भारतीय तकनीकी सेक्टर को ऐसे दस लाख इंजीनियरों की जरूरत पड़ेगी, जो आर्टिशिफियल इंटेलीजेंस, बैटरी संचालित वाहनों, सेमीकंडक्टर और अन्य उन्नत हो रही तकनीक में पारंगत हों। लेकिन ऐसे इंजीनियर बहुत कम संख्या में तैयार हो रहे हैं। किसी भी देश में विकास के बुनियादी स्तंभ विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित में शिक्षित नौजवान होते हैं।

मगर शर्त यह है कि उन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से क्वालिटी शिक्षा मिली हुई हो। इस कसौटी पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था नाकाम हो रही है, तो उसका अर्थ है कि अपना देश विकास की होड़ में पिछड़ा बना रहेगा।

## नजरिया

# लो लालू भी आ गए ममता के पक्ष में

*राजनीतिक दल हो या गठबंधन हो उसकी मजबूती का प्रमाण तो यही माना जाता है कि जनता उस पर भरोसा करती या नहीं है। जनता उस पर भरोसा करती है तो वह चुनाव में उसको वोट देती है,चुनाव जिताती है।जनता उस पर भरोसा नहीं करती है तो न तो चुनाव में ज्यादा वोट देती है, न ही चुनाव जिताती है। लोकतंत्र में जनता ही पैमाना है, जनता ही कसौटी है। जो खरा उतरेगा,चुनाव जीतेगा, जो खरा नहीं उतरेगा,चुनाव हारेगा और हारता रहेगा। हर राजनीतिक दल व गठबंधन को यह स्वीकार करना पड़ता है कि जनता ने चुनाव में उसके लिए क्या फैसला किया है. उसे जिताया है या हराया है, उस पर भरोसा किया या नहीं किया।*

सुनील दास

कांग्रेस लोकसभा चुनाव में 99 सीटें मिल गई थी तो समझ रही थी जनता ने उस पर भाजपा से ज्यादा भरोसा किया है, वह चुनाव जीत गई है और भाजपा चुनाव हार गई है। उसकी गलतफहमी को जनता ने हरियाणा व महाराष्ट्र में भाजपा को जिताकर दूर कर दी है। जनता का सीधा संदेश है, लोकसभा चुनाव में भी उसका भरोसा भाजपा पर ज्यादा था, कांग्रेस पर कम था, क्योंकि जनता ने भाजपा को 240 और कांग्रेस को 99 सीटें ही दी थीं। जनता ने भाजपा की सीटें कम लेकिन इतनी कम नहीं की कि वह सरकार न बना सके। कांग्रेस की सीटें जनता ने बढ़ाई जरूर लेकिन इतनी नहीं बढ़ाई कि कांग्रेस की सरकार बन जाए।

कांग्रेस व उसका नेतृत्व जरा सी सफलता पर हवा में उड़ने लगता है। जनादेश का अपमान करता है तो जनता उसे अगले चुनाव में हकीकत की जमीन पर पटक देती है। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस व उसका नेतृत्व हवा में उड़ रहा था, हरियाणा व महाराष्ट्र के चुनाव में हराकर जनता ने जमीन पर पटक दिया है तो कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा है कि यह क्या हो गया है, यह क्या हो रहा है।राजनीतिक दल का बड़ा नेता हो या गठबंधन का नेतृत्व करने वाला नेता हो, उससे उम्मीद तो यही की जाती है कि वह चुनाव के बाद चुनाव जीते और अपनी पार्टी को मजबूत करे,गठबंधन को मजबूत करे।

राहुल गांधी यही तो नहीं कर पा रहे हैं। तीन चुनाव में मौका मिला वह एक चुनाव तो जिताते तो कांग्रेस व इंडी गठबंधन को भी अच्छा लगता कि हारने के बाद हमारा नेता जिताता तो है। लोकसभा



चुनाव में तीनों बार राहुल गांधी हार गए और खुद को मोदी को टक्कर देने वाला नेता मानते हैं, कौन यकीन करेगा। अब तो इंडी गठबंधन के दलों ने मानने से इंकार कर दिया है कि वह गठबंधन का नेतृत्व करने लायक हैं। ममता बैनर्जी ने सीधे नहीं कहा कि राहुल गांधी को हटा देना चाहिए। उन्होंने अपना दावा पेश किया कि वह गठबंधन का नेतृत्व बेहतर तरीके से कर सकती है।

टीएमसी की तरफ से बताया गया कि राहुल गांधी से ममता बैनर्जी कैसे बेहतर नेता हैं। टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि भाजपा से लड़ने का माद्दा सिर्फ ममता में है, वही भाजपा को हरा सकती है, टक्कर दे सकती हैं। उन्होंने बताया भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का स्ट्राइक रेट 10 फीसदी है, जबकि ममता बैनर्जी का 70 फीसदी है। भाजपा से सीधी लड़ाई में कांग्रेस हार जाती है, हरियाणा, मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान इसका उदाहरण हैं।उनका कहना है कि विपक्ष को भाजपा के खिलाफ लंबी व निर्णायक लड़ाई लड़नी है तो यह कांग्रेस व राहुल गांधी के नेतृत्व में संभव नहीं है। ममता में भाजपा से सीधी लड़ाई लड़ने की क्षमता है,अब कांग्रेस को इस सच्चाई का स्वीकार करना चाहिए और गठबंधन का नेतृत्व खुद ही छोड़ देना चाहिए।

ममता ने राहुल गांधी के नेतृत्व के खिलाफ बोलना शुरू किया तो शुरू में सब सोच रहे थे कि क्या कहना चाहिए। कई लोग तो यही कह सके कि जो कुछ होना चाहिए आम सहमति से होना चाहिए यानी राहुल गांधी को हटाना है तो आम सहमति से हटाना चाहिए। बाद में सबको बात समझ में आई कि राहुल गांधी के कारण गठबंधन को कोई फायदा नहीं हो रहा है, उसकी साख गिर रही है। इसलिए उनकी जगह किसी और को मौका दिया जाना चाहिए। ममता ने पहले ही इसके लिए हामी भर दी है, अब ममता के पक्ष में सपा,उध्दव,शरद पवार सहित ज्यादातर लोग आ गए है।

लालू यादव ने यह कहकर ममता बैनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान दी जाए। एक तरह से फैसला कर दिया है कि अब राहुल गांधी को हटाकर ममता को गठबंधन का नेता बनाने का वक्त आ गया है। लालू यादव के ही कारण तो राहुल गांधी को नीतीश कुमार की जगह गठबंधन की कमान सौंपी गई थी अब संयोग देखिए कि राहुल गांधी के खिलाफ लालू यादव भी मुखर हो गए हैं। लालू यादव ही राहुल गांधी के नेतृत्व को बचा सकते थे लेकिन उन्होंने ही हाथ खड़े कर दिए है तो अब राहुल गांधी ज्यादा दिन गठबंधन के नेता बने नहीं रह पाएंगे।

जब भी बैठक होगी उनको हटाकर ममता को कमान सौंप दी जाएगी। अब सबको गठबंधन की बैठक का इंतजार है कि यह बैठक कब होती है। यह बैठक जब भी होगी कोई कहे भले नहीं कि राहुल गांधी गठबंधन का नेतृत्व करने लायक नहीं थे लेकिन संदेश को पूरे देश में यही जाएगा कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व लायक समझा गया था लेकिन वह लायक नहीं निकले।गठबंधन कोई कांग्रेस पार्टी तो है नहीं कि राहुल गांधी हारते जाएं और कोई कुछ कहने की हिम्मत ही न करे, गठबंधन में कहा भी जाएगा और बदला भी जाएगा।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# ग्रामीण स्तर पर महिला श्रम शक्ति भागीदारी में 69 फीसदी की वृद्धि

डॉ. शमिका रवि (ईएसी-पीएम) व डॉ. मुदित कपूर (आईएसआई, दिल्ली)

महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और समग्र आर्थिक समावेशिता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। यह शोध पत्र 2017-18 से भारतीय राज्यों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में उल्लेखनीय पुनरुत्थान को उजागर करते हुए कठोर अर्थमितीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अनुभवजन्य विश्लेषण के लिए तीन व्यापक विषय हैं: (1) महिला एलएफपीआर में हालिया रुझान, (2) एलएफपीआर पर वैवाहिक स्थिति और मातृत्व-पितृत्व का प्रभाव, और (3) भारत के सभी क्षेत्रों और राज्यों में उम्र और लिंग के साथ एलएफपीआर में भिन्नता। इस अध्ययन में इस्तेमाल किया गया डेटा सभी उपलब्ध (2017-18 से 2022-2023) में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से लिया गया है। पीएलएफएस 2.5 मिलियन से अधिक व्यक्तियों के लिए विस्तृत रोजगार और जनसांख्यिकीय डेटा प्रदान करता है, जिससे राष्ट्रीय, राज्य और ग्रामीण/शहरी स्तरों पर रुझानों और विविधताओं का विश्लेषण संभव हो पाता है। एलएफपीआर की गणना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की कुल आबादी के सापेक्ष नियोजित और बेरोजगार व्यक्तियों (काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध) के प्रतिशत के रूप में की जाती है।

परिणाम तीन खंडों में प्रस्तुत किए गए हैं। परिणामों का पहला सेट 2017-18 से 2022-23 तक महिला एलएफपीआर के रुझान को दर्शाता है। राष्ट्रीय स्तर पर, ग्रामीण महिला एलएफपीआर 24.6 फीसदी से बढ़कर 41.5 फीसदी (9 69 फीसदी वृद्धि) हो गई, जबकि शहरी एलएफपीआर मामूली रूप से 20.4 फीसदी से बढ़कर 25.4 फीसदी (9 25 फीसदी वृद्धि) हो गई। महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, झारखंड (9233 फीसदी वृद्धि) और बिहार (96× वृद्धि) जैसे राज्यों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। पूर्वोत्तर राज्यों ने भी उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई (उदाहरण के लिए, नगालैंड: 15.7 फीसदी से 71.1 फीसदी) की वृद्धि। राष्ट्रीय स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में कुल मिलाकर मामूली वृद्धि देखी गई।

परिणामों का दूसरा सेट, आयु, वैवाहिक स्थिति और घरेलू संरचना, विशेष रूप से 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति के आधार पर महिला एलएफपीआर प्रस्तुत करता है। सामान्य रुझान दर्शाते हैं कि लगभग सभी राज्यों में महिला एलएफपीआर में वृद्धि हुई है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक वृद्धि देखी गई है। हमने यह भी पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने अविवाहित महिलाओं की तुलना में अधिक भागीदारी वृद्धि दिखाई है। राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों ने विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के बीच महत्वपूर्ण वृद्धि दिखाई। हालांकि, महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। उत्तरी राज्यों में, पंजाब और हरियाणा में महिला एलएफपीआर कम रही। पूर्वी राज्यों में, ग्रामीण बिहार में देश में सबसे कम एलएफपीआर था, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें महत्वपूर्ण सुधार हुआ है - विशेष रूप से ग्रामीण विवाहित महिलाओं के लिए। पूर्वोत्तर राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे हैं। पूर्वोत्तर के शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के बीच मध्यम वृद्धि देखी गई है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के लिए मामूली वृद्धि देखी गई है। पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में, एलएफपीआर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं के बीच केंद्रित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल मामूली वृद्धि देखी गई है। आंध्र प्रदेश में बच्चों वाली शहरी महिलाओं की एलएफपीआर में बड़ी गिरावट आई है।

परिणामों का तीसरा सेट लिंग और आयु के आधार पर एलएफ्पीआर में अंतर प्रस्तुत करता है। इसमें पाया गया कि वैवाहिक स्थिति और बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक श्रेणी के लिए कैसे अंतर लाती है। कुल मिलाकर परिणाम दर्शाते हैं कि महिला एलएफपीआर एक घंटी के आकार का वक्र बनाती है, जो 30-40 वर्ष की आयु में चरम पर होती है और उसके बाद तेजी से घट जाती है। दूसरी ओर, पुरुष एलएफपीआर 30-50 वर्ष की आयु से उच्च (9 100त्न) रहता है, उसके बाद धीरे-धीरे घटता है। महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए वैवाहिक स्थिति एलएफपीआर का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। विवाहित पुरुष लगातार राज्यों और आयु समूहों में उच्च एलएफपीआर प्रदर्शित करते हैं, जबकि विवाह महिला एलएफपीआर महत्वपूर्ण रूप से कम होता जाता है, खासकर शहरी क्षेत्रों में। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति महिला एलएफपीआर को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, विशेष रूप से युवा महिलाओं (20-35 वर्ष) के लिए और शहरी क्षेत्रों में यह अधिक प्रबल रूप से प्रभावित करती है।

भारत ने 2017-18 से 2022-23 तक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में पर्याप्त वृद्धि देखी है। पिछले दस वर्षों में सरकार की कई योजनाएं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को लक्षित करते हुए। इनमें मुद्रा ऋण, ड्रोन दीदी योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत जुटाए गए एसएचजी ग्रामीण महिलाओं के लिए कुछ प्रमुख पहलों के नाम हैं। ऐसी कई अन्य पहलें हैं जिन्हें पूरे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। हमारा शोध पत्र इन पहलों के अंतिम परिणाम को भारत भर में और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में संचयी और महत्वपूर्ण वृद्धि की पड़ताल करता है। हालांकि, इन कार्यक्रमों के प्रभावों का मूल्यांकन करने और भारत की महिला एलएफ्पीआर में लगातार अंतर-राज्यीय और ग्रामीण-शहरी असमानताओं का पता लगाने के लिए गहन शोध की आवश्यकता है।

# महिला श्रम बल भागीदारी दर: आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2017-18 से 2022-23 का अवलोकनात्मक विश्लेषण

डॉ. शमिका रवि (ईएसी-पीएम) व डॉ. मुदित कपूर (आईएसआई, दिल्ली)

**महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और समग्र आर्थिक समावेशिता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। यह शोध पत्र 2017-18 से भारतीय राज्यों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में उल्लेखनीय पुनरुत्थान को उजागर करते हुए कठोर अर्थमितीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अनुभवजन्य विश्लेषण के लिए तीन व्यापक विषय हैं: (1) महिला एलएफपीआर में हालिया रुझान, (2) एलएफपीआर पर वैवाहिक स्थिति और मातृत्व-पितृत्व का प्रभाव, और (3) भारत के सभी क्षेत्रों और राज्यों में उम्र और लिंग के साथ एलएफपीआर में भिन्नता।**

इस अध्ययन में इस्तेमाल किया गया डेटा सभी उपलब्ध (2017-18 से 2022-2023) में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से लिया गया है। पीएलएफएस 2.5 मिलियन से अधिक व्यक्तियों के लिए विस्तृत रोजगार और जनसांख्यिकीय डेटा प्रदान करता है, जिससे राष्ट्रीय, राज्य और ग्रामीण/शहरी स्तरों पर रुझानों और विविधताओं का विश्लेषण संभव हो पाता है। एलएफपीआर की गणना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की कुल आबादी के सापेक्ष नियोजित और बेरोजगार व्यक्तियों (काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध) के प्रतिशत के रूप में की जाती है।

परिणाम तीन खंडों में प्रस्तुत किए गए हैं। परिणामों का पहला सेट 2017-18 से 2022-23 तक महिला एलएफ्पीआर के रुझान को दर्शाता है। राष्ट्रीय स्तर पर, ग्रामीण महिला एलएफ्पीआर 24.6फीसदी से बढ़कर 41.5फीसदी (9 69 फीसदी वृद्धि) हो गई, जबकि शहरी एलएफपीआर मामूली रूप से 20.4 फीसदी से बढ़कर 25.4 फीसदी (9 25 फीसदी वृद्धि) हो गई। महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, झारखंड (9 233 फीसदी वृद्धि) और बिहार (9 6× वृद्धि) जैसे राज्यों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। पूर्वोत्तर राज्यों ने भी उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई (उदाहरण के लिए, नगालैंड: 15.7 फीसदी से 71.1 फीसदी) की वृद्धि। राष्ट्रीय स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में कुल मिलाकर मामूली वृद्धि देखी गई।

परिणामों का दूसरा सेट, आयु, वैवाहिक स्थिति और घरेलू संरचना, विशेष रूप से 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति के आधार पर महिला एलएफपीआर प्रस्तुत करता है। सामान्य रुझान दर्शाते हैं कि लगभग सभी राज्यों में महिला एलएफपीआर में वृद्धि हुई है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक वृद्धि देखी गई है। हमने यह भी पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने अविवाहित महिलाओं की तुलना में अधिक भागीदारी वृद्धि दिखाई है। राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों ने विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के बीच महत्वपूर्ण वृद्धि दिखाई। हालांकि, महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। उत्तरी राज्यों में, पंजाब और हरियाणा में महिला एलएफपीआर कम रही। पूर्वी राज्यों में, ग्रामीण बिहार में देश में सबसे कम एलएफ्पीआर था, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें महत्वपूर्ण सुधार हुआ है - विशेष रूप से ग्रामीण विवाहित महिलाओं के लिए। पूर्वोत्तर राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे हैं। पूर्वोत्तर के शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के बीच मध्यम वृद्धि देखी गई है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के लिए मामूली वृद्धि देखी गई है। पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में, एलएफ्पीआर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं के बीच केंद्रित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल मामूली वृद्धि देखी गई है। आंध्र प्रदेश में बच्चों वाली शहरी महिलाओं की एलएफ्पीआर में बड़ी गिरावट आई है।

परिणामों का तीसरा सेट लिंग और आयु के आधार पर एलएफपीआर में अंतर प्रस्तुत करता है। इसमें पाया गया कि वैवाहिक स्थिति और बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक श्रेणी के लिए कैसे अंतर लाती है। कुल मिलाकर परिणाम दर्शाते हैं कि महिला एलएफपीआर एक घंटी के आकार का वक्र बनाती है, जो 30-40 वर्ष की आयु में चरम पर होती है और उसके बाद तेजी से घट जाती है। दूसरी ओर, पुरुष एलएफ्पीआर 30-50 वर्ष की आयु से उच्च (9 100त्न) रहता है, उसके बाद धीरे-धीरे घटता है। महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए वैवाहिक स्थिति एलएफ्पीआर का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। विवाहित पुरुष लगातार राज्यों और आयु समूहों में उच्च एलएफपीआर प्रदर्शित करते हैं, जबकि विवाह महिला एलएफपीआर महत्वपूर्ण रूप से कम होता जाता है, खासकर शहरी क्षेत्रों में। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति महिला एलएफपीआर को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, विशेष रूप से युवा महिलाओं (20-35 वर्ष) के लिए और शहरी क्षेत्रों में यह अधिक प्रबल रूप से प्रभावित करती है।

भारत ने 2017-18 से 2022-23 तक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में पर्याप्त वृद्धि देखी है। पिछले दस वर्षों में सरकार की कई योजनाएं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को लक्षित करते हुए। इनमें मुद्रा ऋण, ड्रोन दीदी योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत जुटाए गए एसएचजी ग्रामीण महिलाओं के लिए कुछ प्रमुख पहलों के नाम हैं। ऐसी कई अन्य पहलें हैं जिन्हें पूरे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। हमारा शोध पत्र इन पहलों के अंतिम परिणाम को भारत भर में और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफ्पीआर में संचयी और महत्वपूर्ण वृद्धि की पड़ताल करता है। हालांकि, इन कार्यक्रमों के प्रभावों का मूल्यांकन करने और भारत की महिला एलएफपीआर में लगातार अंतर-राज्यीय और ग्रामीण-शहरी असमानताओं का पता लगाने के लिए गहन शोध की आवश्यकता है।

# किताबों से फूटती हिंसा

प्रमोद भार्गव

यह सच्चाई कल्पना से परे लगती है कि विद्या के मंदिर में पढ़ाई जा रही किताबें हिंसा की रक्त रंजित इबारत भी लिखेंगी? लेकिन हैरत में डालने वाली बात है कि यह हृदयविदारक घटना एक हकीकत बन चुकी है। देश के महानगर और शैक्षिक गुणवत्ता की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले महानगर दिल्ली, गुड़गांव, हैदराबाद और बैंग्लौर में तो इस तरह की घटनाएं देखने में आती रही हैं, लेकिन अब मध्यप्रदेश के छतरपुर के एक सरकारी विद्यालय में 12वीं के नाबालिग छात्र ने प्राचार्य की कट्टे से गोली मारकर हत्या कर दी। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सक्सेना का दोश इतना भर था कि उन्होंने इस छात्र को नियमित स्कूल नहीं आने पर फटकार लगाई थी। इससे छात्र इतना नाराज हुआ कि उसने अगले दिन प्राचार्य के सिर में गोली मार दी। पुलिस ने ढिलापुर ग्राम के इस छात्र को हिरासत में ले लिया है। नषे का आदि यह छात्र छात्राओं के साथ भी छेड़छाड़ करता था। शिक्षकों को इसने धमकाने की उद्दंडता कई मर्तबा बरती थी। अतएव छात्र की दहशत इतनी रही कि इस वरदात के बाद भी कई शिक्षक उसका नाम लेने से बचते रहे। इस हत्या के बाद सवाल उठ रहा है कि छात्र के पास अवैध माना जाने वाला कट्टा कहां से आया ? दरअसल आजकल समूचा बुंदेलखंड मप्र और उप्र में अवैध हथियारों के निर्माण और उनके क्रय-विक्रय का अड्डा बना हुआ है।

विद्यालयों में छात्र हिंसा से जुड़ी ऐसी घटनाएं पहले अमेरिका जैसे विकसित देशों में ही देखने में आती थीं, लेकिन अब भारत जैसे विकासशील देशों में भी क्रूरता का यह सिलसिला चल पड़ा है। हालांकि भारत का समाज अमेरिकी समाज की तरह आधुनिक नहीं है कि जहां पिस्तौल अथवा चाकू जैसे हथियार रखने की छूट छात्रों को हो। अमेरिका में तो ऐसी विकृत संस्कृति पनप चुकी है, जहां अकेलेपन के शिकार एवं मां-बाप के लाड-प्यार से उपेक्षित बच्चें घर, मोहल्ले और संस्थाओं में जब-तब पिस्तौल चला दिया करते हैं। पाठशालाओं में घट रहीं ऐसी घटनाएं उस बर्बर, वीभत्स और निरंकुश संस्कृति की देन हैं, जिसने नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को रौंदकर बेतहाशा दौलत कमाई और फिर नवधनाढ्यों के वर्ग में शामिल हो गया। और अब आपराधिक कृत्यों को अंजाम देकर जिनका अहंकार तुष्ट हो रहा है। इस तरह की पनप रही हिंसक मानसिकता के लिए हमारी कानून व्यवस्था के साथ परिवार भी दोषी है। क्योंकि धन के बूते अभिभावक ऐन-केन-प्रकारेण बच्चों को कानूनी शिकंजे से बचा लेते हैं।

आज अभिभावकों की अतिरिक्त व्यस्तता और एकांगिकता जहां बच्चों के मनोवेगों की पड़ताल नहीं करने के लिए दोषी है, वहीं विद्यालय नैतिक और संवेदनशील मूल्य बच्चों में रोपने में सर्वथा चूक रहे हैं। छात्रों पर विज्ञान, गणित और वाणिज्य विषयों की शिक्षा का बेवजह दबाव भी बर्बर मानसिकता विकसित करने के लिए दोषी हैं। आज साहित्यि शिक्षा पाठ्यक्रमों में कम से कमतर होती जा रही है, जबकि साहित्य और समाजशास्त्र ऐसे विषय हैं जो समाज से जुड़े सभी विषयों और पहलुओं का वास्तविक यथार्थ प्रकट कर बाल-मनों में संवेदनशीलता का स्वाभाविक सृजन करने के साथ सामाजिक विषंगतियों से परिचित कराते हैं। इससे हृदय की जटिलता टूटती है और सामाजिक विषंगतियों को दूर करने के कोमल भाव बालमनों में अंकुरित होते हैं। महान और अपने-अपने क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों की जीवन-गाथाएं (जीवनियां) व्यक्ति में संघर्ष के लिए जीवटता प्रदान करती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे यहां ऐसा कोई पाठ्यक्रम पाठशालाओं में नहीं है, जिसमें कामयाब व्यक्ति की जीवनी पढ़ाई जाती हो? जीवन-गाथाओं में जटिल परिस्थितियों से जूझने एवं उलझनों से मुक्त होने के सरल, कारगर और मनोवैज्ञानिक उपाय भी होते हैं।















# श्रीकंचनपथ

भिलाई-दुर्ग


ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर



# सारथी पोर्टल में लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें- कलेक्टर चौधरी

## पेंशन के लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करें, लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी न कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की और निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन के लंबित आवेदनों के विभागीय निराकरण पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रकरण लंबे अवधि तक लंबित न रखकर समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिये।



कलेक्टर ने सारथी पोर्टल में दर्ज लंबित प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने जिले में नगरीय निकायों एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी नगर निगम आयुक्तों को नये प्रस्तावित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण/अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। निर्वाचन प्रशिक्षण का शेड्युल तैयार कर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता, मानक एवं मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाने के लिये संचालित परख योजना की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग को जिले में इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की योजना के तहत सभी स्कूली बच्चों का अपार आईडी कार्ड बनवाने कहा। इस आईडी से महत्वपूर्ण दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों का परीक्षा नजदीक आ रहा है। ऐसे में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने 10वीं एवं 12वीं में शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रावासों का निरीक्षण करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में सिंचाई विभाग के केनाल एवं औद्योगिक क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है। संबंधित एसडीएम एवं निकाय के अधिकारी अतिक्रमण हटाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में 70 प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विकासखण्डवार एवं नगरीय निकायवार जानकारी ली। उन्होंने अभियान के दौरान मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड से हटाने एवं पेंशन व महतारी वंदन योजना से भी विलोपित करने के निर्देश दिए। नॉन डीबीटी हितग्राहियों की जांच करने और आधार अपडेशन कार्य में प्रगति लाने को कहा।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने पेंशन के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। सभी विभाग प्रमुखों को सेवानिवृत्ति अधिकारी-कर्मचारियों के विभागीय जांच को त्वरित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेंशन के लिए सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। इसे गंभीरता से करें। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ बी.के. दुबे, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह व मुकेश रावटे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं नगर निगमों के सभी आयुक्त, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग में सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 विभाग में 9 दिसम्बर से सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन समारोह 9 दिसम्बर 2024 को एसएमएस-3 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता मुख्य अतिथि रहे। मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार व महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने कहा कि निश्चित तौर पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता में सुधार हुआ है परंतु और भी इसकी गुंजाईश है। उन्होंने नेशनल सेफ्टी कॉउनसिल की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए कार्य करने का अनुरोध किया। विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने आई स्क्वेयर के अंतर्गत दिए गए सुझावों को पूर्ण रूप से अमल करने और एक्सीडेंट फ्री स्टील बनाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि एस के अग्रवाल ने एसएमएस-3 के बढ़ते हुए ठेका श्रमिकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित कार्य व्यवहार पर बल दिया। भावुक शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी (एसएमएस-3) श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस ने विगत वर्ष की एसएमएस-3 की उपलब्धियों, सुरक्षा के आँकड़े और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इनोमोटिक्स के श्रमिकों द्वारा सुरक्षा आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया व प्रोटेक्टिव के श्री सुरेश कुमार बाघ द्वारा सुरक्षा कविता का पठन किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (एसएमएस-3) पवित्र कुमार रॉय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक श्रुति पांडे द्वारा किया गया।




## मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को मिली प्रोत्साहन राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में समाज कल्याण विभाग के द्वारा ''क्षितिज अपार संभावनाएं'' योजना संचालित है। इस योजना अंतर्गत माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत् मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और समाज में अपनी एक अलग पहचान बना सकें। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने आज योजना के तहत् जिले के 10 मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छः-छः हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का डमी चेक प्रदान किया। इन छात्र-छात्राओं में श्री देवेन्द्र कुमार रजक, श्री विशाल साहू, श्री कृष्णा सिंह, कु. पी.संजना, कु. बिन्दु कुर्रे, कु. युक्ति, कु. दीपा केवट, कु. अल्का साहू, कु. इषा राजपूत और कु. जया खुटियारे शामिल हैं।

## हर घर तिरंगा' विषय पर नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग द्वारा 'हर घर तिरंगा' विषय पर नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह, 10 दिसंबर 2024 को इस्पात भवन के द्वितीय तल सभागार में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक (डाकघर), दुर्ग संभाग बी एल जांगड़े थे। प्रतियोगिता के निर्णायकगण, संयुक्त महाप्रबंधक (राइट्स लिमिटेड भिलाई) राकेश श्रीवास्तव, महाप्रबंधक हरप्रीत सिंह एवं महाप्रबंधक (सीईटी-सेल भिलाई) सौरभ कुमार राजा थे।




कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा) एवं सचिव (नराकास) भिलाई-दुर्ग श्री सौमिक डे ने प्रस्तुत किया। उन्होंने हाल ही में नराकास, भिलाई-दुर्ग को वर्ष 2023-24 के लिए मध्य क्षेत्र का 'नराकास राजभाषा सम्मान' प्रथम पुरस्कार घोषित किये जाने पर बधाई दी। उन्होंने इस विशिष्ट एवं गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय नराकास बिरादरी के समस्त हिंदी प्रेमियों, संस्थान प्रमुखगण एवं हिंदी अधिकारीगण को देते हुए, उनके प्रति आभार प्रेषित किया और कहा कि नराकास, भिलाई-दुर्ग में हिंदी का ध्वज सर्वदा ऊँचा रहे और इसमें आप सबका योगदान रहे, हम यही आशा करते हैं। विभाग प्रमुख महाप्रबंधक (जनसम्पर्क, संपर्क एवं प्रशासन) अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि, भिलाई इस्पात संयंत्र राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति सदैव ही सजग एवं गंभीर है। राष्ट्रीय अभियानों को सफल बनाने हेतु संयंत्र ने हमेशा ही हर संभव प्रयास किए हैं। हिंदी में कार्यव्यवहार को प्रोत्साहन तथा 'हर घर तिरंगा' के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रीयता की भावना को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आइए हम अपने देश को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक (डाकघर) बी एल जांगड़े ने कहा कि, भिलाई इस्पात संयंत्र ने हमेशा ही उत्कृष्टता की उज्जवल परंपरा को कायम रखा है। हिंदी में कार्यालयीन कामकाज को प्रोत्साहन तथा राष्ट्र के विकास में अत्यंत उपयोगी उत्पादों के निर्माण के साथ भिलाई सदैव ही एक जिम्मेदार उपक्रम बना हुआ है। आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि, आने वाले समय में भिलाई और भी नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगा।

प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेता इस प्रकार रहे प्रथम-व्याख्याता (शिक्षा विभाग,बीएसपी) केदार नाथ सोनबेर, द्वितीय- लिपिक (बैंक ऑफबड़ौदा) क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग सिन्धुजा पाथुरी तथा तृतीय- उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा, बीएसपी) अमृता गंगराडे। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेताद्द प्रबंधक (वित्त एवं लेखा, बीएसपी) अलंकार समद्दार, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (ब्लास्ट फर्नेस, बीएसपी) किशोर कुमार साव, सीनियर टेक्नीशियन (राजहरा खदान, बीएसपी) संतोष कुमार ठाकुर, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (वायर रॉड मिल, बीएसपी) सुमन हाटी एवं वरिष्ठ अध्यापक (शिक्षा विभाग, बीएसपी) वर्चला शर्मा रहीं। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के निर्णायकगण को स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन - राजभाषा) श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

## खास खबर

### पाटन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आम-जनता तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने हेतु स्वास्थ्य मेला के अंतर्गत 09 नवम्बर 2024 से 08 जनवरी 2025 तक दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 09 दिसंबर 2024 को भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) एवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में पाटन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पाटन में आयोजित चिकित्सा शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (बीएसपी) से डॉ एम सरस्वती फार्मासिस्ट सुसन जैकब, प्रभा सैमुअल, अशरफअली एवं पंजीयन हेतु शंभू दयाल एवं इस कैंप में जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से डॉक्टर जैन उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में कुल 55लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। जिसमें 03 पुरुष एवं 52 महिलाएं लाभान्वित हुए। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय तथा खनि क्षेत्रों में किया जा रहा है।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरी क्र.-8 के पुनर्निर्माण हेतु रिफ्रैक्टरी लाइनिंग कार्य की शुरुआत

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरी क्रमांक-8 के पुनर्निर्माण कार्य की दिशा में रिफ्रैक्टरी लाइनिंग कार्य की शुरुआत 09 दिसंबर 2024 को संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता के द्वारा किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कोक ओवन की पूरी टीम को बधाई देते हुए पुनर्निर्माण कार्य की सफलता हेतु प्रोत्साहित किया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार एवं कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने पहली ईंट रखकर निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया। कोक ओवन बैटरी 7 और 8 के पुनर्निर्माण कार्यों की योजना के तहत, भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए कोक ओवन बैटरी 8 में रिफ्रैक्टरी ब्रिक लाइनिंग कार्य की शुरुआत एक और उपलब्धि है। कोक ओवन बैटरी 7 का रिफ्रैक्टरी निर्माण का कार्य 01 अप्रेल 2024 को शुरू किया गया था और यह जल्द ही पूरा होने जाएगा। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आर के श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक उन्मेष भारद्वाज, मुख्य महाप्रबंधक प्रणय कुमार, पूर्व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार, महाप्रबंधक समीर रॉयचैधरी, महाप्रबंधक ओ पी भट्ट, महाप्रबंधक अरविन्द गुप्ता अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## महापौर परिषद की बैठक, 10 बिन्दुओं पर हुई चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें प्रमुख रूप से 10 बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई, चर्चा के दौरान सभी सदस्यो ने अपने-अपने सुझाव साझा किए। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु 01 सिनियर गार्ड (सहायक सुरक्षा अधिकारी) एवं 99 सुरक्षा गार्ड कुल 100 की वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया।

जिसमें सभी सदस्यो ने अपरी राय देते हुए निविदा के नियम-शर्तो का परीक्षण किये जाने के साथ वर्तमान निविदा को याथवत रखते हुए अगली निविदा होने तक कार्य में वृद्धि की गई है।




इसी तारतम्य में अभिमत/आपत्ति/अनापत्ति प्रदाय करने जांच प्रतिवेदन में भूमि खसरा नम्बर 1558/1 रकबा 82300 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड आवासीय क्षेत्र है किन्तु खेल मैदान होने के कारण उसमें आपत्ति लगाया गया है। अभिमत (आपत्ति/अनापत्ति) जांच प्रतिवेदन में खसरा नम्बर 208 रकबा 25.52 हेक्टेयर मे से 9100 वर्ग फूट भूखण्ड आवेदित स्थल पंडित दीनदयालपुरम आवासीय योजना के स्वीकृत अभिन्यास में स्थल चिन्हांकित है, उक्त भूमि का पुनः स्थल निरीक्षण करने सहमति दी गई है। रा.प्र.क्र. 202412101600004 अ-19 (1) आबंटन किये जाने के संबंध में खसरा नम्बर 1253 रकबा 17.3360 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड को समाज हित में आबंटन की मांग किया गया था। जो आवासीय क्षेत्र है, किन्तु खेल मैदान होने के कारण आपत्ति किया गया है। जोन 03 सीवर लाईन, चेंबर निर्माण कार्य एवं सीवेज संपवेल, सीवेज पम्पींग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य 241.07 लाख की लागत राशि से किया जाना है।

जिसमें समिति के सदस्यो ने अपनी सहमति देते हुए कार्य कराए जाने पारित किया गया। जोन क्रं. 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत मुख्य राष्ट्रीय मार्ग के किनारे कर्मा चैंक से सुपेला चैंक होते लोहिया पेट्रोल पम्प तक क्षतिग्रस्त निकासी नाला का पुनः निर्माण कार्य लगभग 154.33 लाख की लागत राशि से कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया।

## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में विभिन्न कार्यो के लिए 20.19 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 4 कार्यो के लिए 20 लाख 19 हजार 300 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी। ग्राम करगाडीह के वार्ड-2 आबादी पारा में सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 09 हजार 998 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।




Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# महिला आयोग ने दिलाई 20 लाख की क्षतिपूर्ति राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में आवेदिका द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने व शादी से इंकार कर आवेदिका को बर्बाद करने की धमकी दिये जाने के संबंध में एक आवेदन प्रस्तुत हुआ था, जिसको पंजीबध्द करके आयोग ने सिर्फ तीन ही सुनवाई में सुलहनामा करवाया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने अनावेदक (शासकीय शिक्षक) से आवेदिका को उसके साथ हुए प्रताड़ना के एवज में क्षतिपूर्ति, भरण-पोषण देने के लिए कहा. जिसमें अनावेदक ने सहमति जताते हुए आवेदिका को 10 लाख रू. नगद एवं 10 लाख रू. क्षतिपूर्ति राशि चेक के द्वारा दिया। आयोग द्वारा किसी भी प्रताड़ित महिला को अबतक का सबसे बड़ा क्षतिपूर्ति राशि 20 लाख रू. दिलाया गया। उभय पक्षों ने सुलह का इकरारनामा बनाकर आयोग में प्रस्तुत किया, कि भविष्य में आवेदिका को परेशान नहीं करने का भी उल्लेख हैं।

आयोग में एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अपने भतीजे और बैंक मैनेजर द्वारा झूठे दस्तावेज प्रस्तुत कर उसके नाम के जमीन को बैंक में गिरवी रखकर 10 लाख रुपए का लोन निकालने का था। आवेदिका ने बताया कि अनावेदक द्वारा फर्जी तरीके से उसके जगह पर दूसरी महिला का फोटो लगाकर तत्कालीन बैंक मैनेजर के साथ साठ-गाठ कर बिना किसी वेरीफिक्रेशन के 10 लाख रुपए लोन निकाला था, जिसमें आयोग द्वारा महज दो सुनवाई में मामले की लगभग पूरा निराकरण किया है। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा वर्तमान बैंक मैनेजर को बैंक के मुख्य अधिकारी से इस मामले में जांच-पड़ताल कर कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा तत्कालीन बैंक मैनेजर के खिलाफ एफ आई. आर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था। जिसमें तत्कालीन बैंक मैनेजर तथा आवेदिका के भतीजे (अनावेदक) और इस गिरोह का एक अन्य व्यक्ति जो लोन लेने के समय में गारंटर बना था, इन तीनों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे और जांच-पड़ताल कर रही है, जिससे पता चलता है कि यह फर्जीवाड़ा सिर्फ एक नहीं है यह आरोपी लगातार कई वर्षों से लोगो को ठग रहे है। महिला आयोग से आवेदिका ने दो चीजों की मांग की थी कि आरोपियों को कड़ी सजा मिले और आवेदिका का 15 एकड़ जमीन जो बैंक के पास बंधक है वह आवेदिका को वापस किया जाये। आयोग द्वारा बैंक के अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देशित किया जाएगा कि आवेदिका की जमीन को जल्द से जल्द बंधनमुक्त कर दिया जाए।

## खास खबर...



### कलेक्टर ने ली पशु कल्याण समिति की बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पशु कल्याण समिति की बैठक ली। इस बैठक में भेड़ एवं बकरी, पशुपालकों का विशेष ध्यान रखते हुए किसी भी प्रकार की सर्जरी को निःशुल्क करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पशुओं के प्रबंध संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चिकित्सकीय एवं अन्य उपकरण खरीदने 14 लाख की स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार बैठक में 50 हजार पशुओं के प्रबंध आकस्मिक प्रबंधन के आरक्षित रखा गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में 92 पशु चिकित्सा संस्थाएं संचालित है। जहां पशुओं का इलाज किया जाता है। पशुओं के माइनर सर्जरी एवं आर्थोपेडिक सर्जरी में बीपीएल कार्डधारियों के लिए निःशुल्क इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफओ लोकनाथ पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं पशु चिकित्सा सेवाएं संयुक्त संचालक श्री शंकर लाल उईके समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेजबहार में 24 से 30 दिसंबर तक होगी प्रदीप मिश्रा की कथा

**रायपुर।** लखनऊ में होने वाली पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा फिलहाल कैंसल हो गई है। वहां जिस तारीख से कथा होने वाली थी अब वह कथा राजधानी रायपुर के सेजबहार में होने वाली है। यह कथा 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर को होगी। इसकी जानकारी खुद प्रदीप मिश्रा ने महाराष्ट्र के धुळे में 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित कथा के दौरान श्रद्धालुओं को दी। उन्होंने बताया कि यह कथा कमल विहार के रहने वाले कमल देवांगन करा रहे है।

### ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स करने वालों को मिला रोजगार

**रायपुर ।** लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में महिंद्रा एन्ड महिंद्रा लिमिटेड के द्वारा ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में प्रशिक्षण हेतु नवीन तकनीक से लैब स्थापित किया गया है। जहां महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास योजना अंतर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षित प्रथम बैच के सभी हितग्राहियों को प्लेसमेंट कैंप आयोजित कर महिंद्रा ट्रैक्टर डीलरशिप एवं प्लांट में रोजगार प्रदान किया गया। इस कोर्स के लिए जिले में निवासरत 18 से 45 वर्ष के इच्छुक हितग्राही आवेदन जमा कर सकते है।

### मृतका के परिजनों को मिली 4-4 लाख रुपए की सहायता

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि प्रदान की गई है। आरंग के ग्राम ओड़का निवासी संतोषी घृतलहरे, ग्राम जरौद निवासी खुमान साहु और अभनपुर के सिंगारभाटा ग्राम निवासी राजकुमार कोसले की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जिसके लिए कलेक्टर ने उनके परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है।

# कमला दीदी ने जीवन मानवता की सेवा में अर्पण कर दिया : बल्देव शर्मा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि कमला दीदी की उपस्थिति मात्र से वातावरण आल्हादित हो जाता था।उनका व्यक्तित्व उर्जा से भरपूर था। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गांव-गांव में सेवाकेन्द्र खेलकर अनगिनत लोगों को मानवीय मूल्यों की शिक्षा देने में लगा दिया।

प्रो. बल्देव भाई शर्मा 10 दिसंबर को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व क्षेत्रीय निदेशिका की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित श्रद्धाजंलि समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि कमला दीदी का जीवन लोगों को व्यक्ति से मनुष्य बनने की प्रेरणा देता था। उनके व्यक्तित्व में जीवन्तता और अपनापन था। उन्होंने छोटे से छोटे गाँवों तक ब्रह्माकुमारी संस्थान की सेवाओं को फैलाया। हम सब अच्छा इन्सान बनें, यही उन्हें सही अर्थों में हार्दिक श्रद्धाजंलि होगी।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया ने कहा कि आदरणीय कमला दीदी ने इतना सुन्दर शान्ति सरोवर बनवाया है कि यहाँ आने मात्र से ही मन को शान्ति मिल जाती है। यहाँ पर जो ज्ञान और योग की शिक्षा दी जाती है उसे सब धारण कर अपने जीवन को सुख और शान्ति से सम्पन्न बनाएं। यही कमला दीदी को श्रद्धाजंलि होगी। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि उनका व्यक्तित्व इतना आकर्षक था कि उनसे मिलते ही चेहरे पर मुस्कान आ जाती थी। मन का तनाव दूर हो जाता था। उनका जीवन, व्यक्तित्व और आचरण एक समान था। वह जिस आत्मियता से मिलती थीं वह बेमिसाल था।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मानसिंह परमार ने बतलाया कि कमला दीदी के व्यक्तित्व में सौम्यता, सरलता और वात्सल्यभाव का समावेश था। जब वह कुलपति बनकर छत्तीसगढ़ में आए तो यहाँ सबसे पहली मुलाकात विमानतल पर ब्रह्माकुमारी बहनों से ही हुई। तब से मेरा आत्मिय सम्बन्ध रहा। उनमें सेवा करने की लगन और उर्जा थी। उनसे जो भी मिलता था वह जरूर प्रभावित होता था। स्मार्ट सिटी रायपुर के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने कहा कि कमला दीदी का व्यक्तित्व अत्यन्त सरल था। उनके अन्दर जो संगठन और नेतृत्व की कला थी वह सीखने लायक था।

इस अवसर पर बालाजी हास्पीटल के डॉ. देवेन्द्र नायक, पार्षद अमर बंसल, समाजसेवी छगन मुंदड़ा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, क्षेत्रीय निदेशिका हेमलता दीदी, भिलाई की आशा दीदी, उज्जैन की उषा दीदी, इन्दौर की शशि दीदी, जबलपुर की भावना दीदी, कोरबा की रूक्मणी दीदी, रायगढ़ की चित्रा दीदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 को इंडोर स्टेडियम धमतरी में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर को स्थानीय बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उप संचालक पंचायत अविनाश मसराम ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को अपने दायित्वों का सुगमतापूर्वक निर्वहन करने एवं प्रतिभागियों हेतु उचित व्यवस्था करने कहा। इस मौके पर सीईओ जनपद पंचायत धमतरी दीपक ठाकुर, उपआयुक्त नगर निगम धमतरी पी सी सार्वा, शिक्षा विभाग से एल डी चौधरी, सहायक संचालक कौशल विकास विभाग डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र धमतरी नितिन कुमार शर्मा, जिला संगठक रेडक्रॉस श्री आकाश गिरी गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि विकासखण्ड स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव में हिस्सा लेंगे। इसमें सांस्कृतिक के तहत सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, लाईफ स्कील के तहत कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला/तात्कालिक भाषण, कविता, थीमेटिक के तहत विज्ञान मेला, युवा कृति के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, फोटोग्राफी के तहत मोबाईल फोटोग्राफी (केवल जिला स्तर पर) और अन्य के तहत रॉकबैंड (केवल जिला एवं राज्य स्तर पर) आदि विधा में प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी।

## भू-जल प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय भू-जल प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राज्य ग्रामीण विकास संस्थान रायपुर के उप संचालक अनिल लच्छवानी ने जल संरक्षण और भू-जल प्रबंधन के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगला जो विश्व युद्ध होगा वह पानी को लेकर ही होगा। भू जल स्तर के नीचे चले जाने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए ना केवल जिला प्रशासन बल्कि आम नागरिकों को भी अपनी सहभागिता निभानी होगी। श्री लच्छवानी ने बताया कि पंचायत स्तर पर पानी की कमी को दूर करने के लिए स्थल चिन्हांकन कर समूहों के जरिए जल संरक्षण आज की आवश्यकता है। वहीं रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वॉटर रिचार्ज स्ट्रक्चर, नाले इत्यादि तैयार कर भी पानी की बचत की जा सकती है। उन्होंने इसके लिए जल संसाधन, पंचायत और नगरीय निकायों को सजग होकर कार्य करने पर जोर दिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि भूजल स्तर बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर सहभागिता निभाई जाए, जिससे जलस्तर बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर स्ट्रक्चर बनाने के लिए स्थल चिन्हांकित किया जाए।

# छत्तीसगढ़ के अग्रबंधु जाएंगे अयोध्या तीर्थ यात्रा पर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा छत्तीसगढ़ के अग्रबंधु 15 मार्च को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन से प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं भगवान श्रीराम के जन्मस्थली श्री अयोध्या स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन के माध्यम से जाएंगे। बिलासपुर में राजेंद्र अग्रवाल राजू के फार्म हाउस में इस संबंध में अग्रबंधुओं की एक आवश्यक बैठक में यह निर्णय लिया गया। उक्तशय की जानकारी मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने दी।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि यात्रा का नाम समाज के आराध्य भगवान श्री अग्रसेन के नाम पर श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा तय किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्र का समग्र अग्रवाल बंधु भगवान श्री अग्रसेन के वंशज हैं, वहीं अग्रसेन भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की 34 वीं पीढ़ी के वंशज हैं। अग्रवाल समाज सूर्यवंशी है, पूरे प्रदेश से सदस्यों ने यात्रा के लिए अनेक नाम प्रेषित किए थे उनमें से ही यह एक नाम फइनल किया गया है।

यात्रा प्रभारी एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि यह श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा में प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं अयोध्या प्रमुख रूप से स्टॉपेज रहेंगे, यह पूरी यात्रा स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन द्वारा 15 मार्च 2025 को मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ से प्रारंभ होकर, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर/उसलापुर होते हुए प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं अयोध्या में समाप्त होगी। 20 मार्च 2025 को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में वापसी होगी। यात्रा तीन श्रेणियों में होगी, 18 कोच की इस यात्रा में स्लीपर कोच, एसी 3 टायर, एसी 2 टायर के कोच रहेंगे।

यात्रा का विस्तृत विवरण बताते हुए प्रांतीय चेयरमेन कोरबा के अशोक मोदी ने बताया कि 15 मार्च 2025 को सुबह मां बम्लेश्वरी धाम डोंगरगढ़ से यात्रा प्रारंभ होगी, 16 मार्च को प्रात प्रयागराज पहुंच कर संगम स्नान करेंगे एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुए यात्रा विंध्याचल पहुंचेगी जहां शक्तिपीठ के दर्शन लाभ लेकर 17 मार्च को प्रातः वाराणसी पहुंचेंगे। 18 मार्च को सुबह यात्रा प्रभु श्री राम के जन्म स्थान अयोध्या पहुंच कर दो दिन मंदिरों के दर्शन लाभ लेंगे व 19 मार्च 2025 रात्रि में अयोध्या से प्रस्थान कर20 मार्च शाम तक डोंगरगढ़ पहुंचेगे। इस यात्रा से छत्तीसगढ़ के समस्त अग्रवाल बंधुओं को जोडने के लिए प्रदेश के पदाधिकारी पूरे प्रदेश का दौरा 22 दिसंबर 2025 से प्रारंभ करेंगे।

वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश मंगल बिल्हा ने कहा कि मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए यात्रा के लिए संपूर्ण बुकिंग एवं कोष का हिसाब किताब रखने के लिए बिलासपुर के श्री उमेश मुरारका को यात्रा कोष प्रभारी का दायित्व दिया गया है। वहीं श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा समिति रायपुर को इस पूरी यात्रा के व्यवस्थापक के रूप में नामित किया गया है।

आईटी सेल के प्रभारी अंकित अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में, वरिष्ठ समाजसेवी, दिनेश अग्रवाल सिलियारी ने अपने पूर्व के अनुभव को ध्यान में रखते हुए, अपने सारगर्भित विचार रखे, जिनसे निर्णय लेने में आसानी रही। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमेन अशोक मोदी कोरबा, यात्रा प्रभारी एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश मंगल बिल्हा, यात्रा के कोष प्रभारी उमेश मुरारका बिलासपुर, दिनेश अग्रवाल सिलियारी, आईटी सेल के प्रभारी अंकित अग्रवाल रायपुर उपस्थित रहे।

# अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन स्पर्धा में रायपुर का दबदबा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर का दबदबा रहा। टीम इवेंट में 12 सालों के चैंपियन रही कोरबा वेस्ट की टीम को रायपुर क्षेत्रीय टीम ने शिकस्त देकर विजेता का खिताब हासिल किया। महिला एवं पुरुष के एकल व युगल मुकाबले में रायपुर सेंट्रल टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम में विद्युतकर्मियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हमारे विद्युतकर्मी विद्युत आपूर्ति की निर्बाध सेवा के साथ खेल विधि में भी दक्षता साबित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान, केएस मनोठिया, जेएस नेताम, डीके तुली विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रबंध निदेशक ने विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ी व कार्यपालक निदेशक सिविल डीके तुली को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया। तीन दिन तक चले बैडमिंटन प्रतियोगिता के टीम इवेंट में रायपुर क्षेत्र विजेता रहा, अतिथियों ने इस टीम के खिलाड़ी योहन नायक, राजेश ठाकुर, दिलेश्वर ठाकुर, गिरीश कुमार व नवीन एक्का को विजेता ट्राफी प्रदान की। उपविजेता टीम कोरबा वेस्ट के खिलाड़ी अविनेश पाठक, सीमांत मिंज, एम जोशी, नरेंद्र उइके एवं गौरव गुप्ता को भी ट्राफी व मेडल प्रदान किया गया।

महिला एकल में विजेता संध्या रानी कोरबा पूर्व एवं उपविजेता झरना लता साहू रायपुर क्षेत्र रहीं। महिला युगल में रायपुर सेंट्रल की जुवेना गोम्स, सरोज डिहरी विजेता एवं कोरबा पूर्व की संध्यारानी व श्रद्धा पिल्लई उपविजेता रहीं।

पुरूष एकल मुकाबले में कोरबा पश्चिम के अनिवेश पाठक विजेता एवं रायपुर सेंट्रल के हितेंद्र मार्कंडेय उपविजेता रहे ।पुरूष युगल मुकाबले में विजेता डी बाखला मड़वा व ऐश्वर्य पाठक रायपुर सेंट्रल रहे। उपविजेता कोरबा पश्चिम के अविनेश पाठक व नरेंद्र उइके रहे।

इसी तरह वेटरन एकल (45 वर्ष से अधिक) में रायपुर सेंट्रल के संजय वैद्य विजेता एवं बिलासपुर के योगेश पटेल उपविजेता रहे। वेटरन युगल में रायपुर सेंट्रल के संजय अग्रवाल व संजय वैद्य विजेता तथा बिलासपुर के मधुप पटेल व योगेश पटेल उपविजेता रहे। मंच संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने किया। अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के चयन के लिये केंद्रीय पर्यवेक्षक ओंकार चंद्राकर रहे। अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिये अविनेश पाठक, हितेंद्र मार्कंडेय, धनेश्वर राम भाकला, सीमांत मिंज, ऐश्वर्य पाठक, योहान नायक, राजेश ठाकुर, नरेंद्र उईके एवं महिला खिलाड़ी संध्या रानी, झरना साहू, जुवेना गोम्स, गायत्री दीवान, कृतिका शर्मा व सरोज धिरही का चयन किया गया है।











## रणबीर कपूर ने एनिमल-3 पर लगाई मुहर, करेंगे 2 रोल, 2027 में शुरू होगी शूटिंग

पुष्पा 2 ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कमाई से भूचाल ला रखा है। पुष्पा 2 ने अपने पहले चार दिनों के वीकेंड में वर्ल्डवाइड 800 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है। पुष्पा 2 ने वर्ल्डवाइड 294 करोड़ रुपये से खाता खोला था और वहीं, अपने पहले वीकेंड में भारत में 500 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। पूर देश में पुष्पा 2 का भारी क्रेज है। इधर, बॉलीवुड के बड़े-बड़े स्टार्स के पुष्पा 2 की कमाई देख होश उड़े पड़े हैं। इस बीच रणबीर कपूर ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक एनिमल के तीसरे पार्ट यानि एनिमल 3 पर बड़ा अपडेट दिया है। एनिमल रणबीर कपूर के करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक है।

फिल्म एनिमल 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई से हंगामा मचा दिया था। एनिमल ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 900 करोड़ रुपये से ज्यादा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। एनिमल साल 2023 की पठान और जवान के बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। फिल्म एनिमल को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया था। वहीं, रणबीर कपूर के फैंस को फिल्म एनिमल पार्क का बेसब्री से इंतजार है और इधर, रणबीर कपूर ने एनिमल पार्क से पहले एनिमल 3 पर बड़ा अपेडट दे दिया है।

रणबीर कपूर ने हालिया इंटरव्यू में फिल्म एनिमल 3 पर मुहर लगाई है। रणबीर कपूर ने कहा है कि एनिमल 3 साल 2027 में शुरू होने वाली है। रणबीर कपूर ने बताया है कि हम पहले फिल्म से ही इस पर चर्चा कर रहे हैं और इसके तीन पार्ट बनाना चाहते हैं, फिल्म के दूसरे पार्ट का नाम एनिमल पार्क है, हम फिल्म की कहानी को शानदार तरीके से आगे ले जाना चाहते हैं, क्योंकि अब मैं नायक और खलनायक दोनों के रोल करने जा रहां हूं, मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हू।

बता दें, इन दिनों रणबीर कपूर डायरेक्टर नितेश तिवारी स्टारर फिल्म रामायण पार्ट 1 की शूटिंग में बिजी हैं। रामायण पार्ट 1 और रामायण पार्ट 2 क्रमश 2026 और 2027 में रिलीज होने जा रही है।



## रिवीलिंग लहंगा पहन नेहा मलिक दिखीं बला की खूबसूरत



**भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉटनेस भरा अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।**

एक्ट्रेस नेहा मलिक अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। नेहा मलिक की लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने गोल्डन कलर का रिवीलिंग लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, गले में आर्टिफिशियल डायमेंड लुक वाली ज्वैलरी, खुले बाल को वेवी स्टाइल लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलकु को कंप्लीट किया है। नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## पानी-पुरी खाकर फातिमा सना शेख हुईं खुश, आर माधवन को कहा थैंक्स

एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बताया कि एक्टर आर. माधवन ने उन्हें पानी-पूरी खिलाकर वास्तव में खुश कर दिया। फातिमा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी और अपनी टीम की एक फोटो शेयर की, जिसमें वह पानी-पूरी की प्लेट का लुत्फ उठा रही हैं। भारत में आम स्ट्रीट फूड माने जाने वाले इस स्वादिष्ट व्यंजन के लिए माधवन का शुक्रिया अदा करते हुए फातिमा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, धन्यवाद माधवन पानी-पूरी खिला के दिल खुश कर दिया।

माधवन और फातिमा कथित तौर पर विवेक सोनी द्वारा निर्देशित एक लव स्टोरी में साथ नजर आएंगे। बाकी डिटेल्स को उजागर नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि यह एक अलग किस्म की कहानी है जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति और एक छोटी महिला एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं।

अन्य खबरों में, फातिमा ने पिछले सप्ताह अपनी सोशल मीडिया उपस्थिति के लिए अपनी एक फोटो शेयर की थी।

उन्होंने एक डीएसएलआर कैमरा पकड़े हुए अपनी एक फोटो शेयर की, जो मिरर सेल्फी जैसी लग रही है। एक्ट्रेस बिना मेकअप के दिख रही हैं और उनके बाल, बीच कर्ल से बने हुए हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए एक फोटो। इसके अलावा, उनके पास अनुराग बसु द्वारा निर्देशित मेट्रो इन डिनो है, जिसमें आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान भी हैं।

यह बसु की पिछली 2007 में रिलीज हुई हिट फिल्म, जिसको रिव्यूवर्स ने हिट करार दिया था लाइफ इन ए... मेट्रो का सीक्वल है। यह फिल्म एक ही समय के कपल की 4 अलग-अलग दिल को छू लेने वाली कहानियों को मिलाकर बनाई गई है। फिल्म का टाइटल लाइफ इन ए... मेट्रो के फेमस गाने इन दिनों से लिया गया है।

एक्ट्रेस के पास नसीरुद्दीन शाह और विजय वर्मा अभिनीत उल जलूल इश्क भी है। फातिमा सी. शंकरन नायर की बायोपिक में अक्षय कुमार के साथ भी दिखाई देंगी। फातिमा सना ने अपने करियर की शुरुआत चाची 420 और वन 2 का 4 फिल्मों में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में की थी। वह नितेश तिवारी की बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स फिल्म दंगल में अपने एक्टिंग से प्रसिद्ध हुईं, जिसमें आमिर खान और सान्या मल्होत्रा भी थे।



## वाशिंग मशीन में जूते धोए या नहीं! यहां जानिए जूतों को खराब होने से कैसे बचाएं

आजकल हर घर में आपको वाशिंग मशीन देखने के मिल जाएगी। समय और मेहनत की बचत करने के लिए लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। यूं तो लोग घर के गंदे और हैवी कपड़ों को इसमें साफ करते हैं। लेकिन कई लोग अपने जूतों को भी वॉशिंग मशीन में धोने के लिए डाल देते हैं। वॉशिंग मशीन से अपने जूतों को तो आसानी से साफ कर सकते हैं, लेकिन कई बार जूते फट जातें हैं या उसके लेस फंस जाते हैं। ऐसे में कई बार लोगों के मन में ये सवाल जरूर होता है कि क्या वाशिंग मशीन में जूते धोने चाहिए या नहीं? आइए जानते हैं इसके बारे में।



### वाशिंग मशीन में जूते धोने से क्या होता है?

वाशिंग मशीन में जूते धोने से उनकी बनावट और मेटेरियल खराब हो सकती है। मशीन की रफ टॉम्बलिंग की वजह से उनकी चमक गायब हो जाती है। अगर आपके जूते चमड़े के हैं तो मशीन में धोने से उनका रंग फीका पड़ सकता है। जूते मशीन में धोने से उनका लचीलापन खत्म हो जाता है। जूतों का चमड़ा भी सूख सकता है। जूते फट सकते हैं। यहां तक की उनका आकार भी गड़बड़ हो सकता है।

### चमड़े के जूते मशीन में ना धोएं

वाशिंग मशीन में कभी भूलकर भी चमड़े के जूतों को वॉशिंग मशीन में न धोएं। क्योंकि चमड़ा पानी सोख लेता है। उसे सूखने के लिए ज्यादा गर्मी की जरूरत होती है। इसकी वजह से आपके जूते खराब हो सकते हैं।

### सोल हो सकता है खराब

वाशिंग मशीन में जूते धोने से उनका सोल खराब हो सकता है। क्योंकि जूतों के सोल मशीन के ड्रम में लगातार चलने से गड़बड़ हो जाता है। जूते की इनर सोल का कुशन खराब होने के साथ सोल की फिटिंग ढीली हो सकती है और जूते की एड़ी टूट सकती है।

### वॉशिंग मशीन में जूते धोते समय इन बातों का रखें ध्यान

वॉशिंग मशीन में जूतों को धोने से पहले जिद्दी दागों को साफ कर लें। इसके लिए सिरका का यूज करें। ऐसा करने से जूते ज्यादा समय तक मशीन में नहीं चलाने पड़ेंगे, जिससे उनके फटने का चांस कम हो जाएगा।

### नेट बैग

जूते और लेस को नेट बैग में बांधकर ही मशीन में धोने के लिए डालें। इससे जूते मशीन में टकराकर खराब नहीं होंगे और उनके फंसने के चांस भी कम हो जाएंगे।

### जेंडल मोड

वॉशिंग मशीन में जूते धोते समय हमेशा जेंडल मोड को ही सेलेक्ट करें। इस टिप को फॉलो करने से जूते ना तो खराब होते हैं और ना ही वॉशिंग मशीन को नुकसान होता है।

## रश्मिका मंदाना की फिल्म द गर्लफ्रेंड का टीजर जारी, विजय देवरकोंडा ने दी आवाज

दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को इन दिनों अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 में देखा जा रहा है, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है और यह फिल्म पहले ही से बॉक्स ऑफिस पर तहलचा मचा रही है। इसके अलावा रश्मिका अपनी आगामी फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान राहुल रवींद्रन ने संभाली है। अब निर्माताओं ने द गर्लफ्रेंड का टीजर जारी कर दिया है।

रश्मिका ने फिल्म का टीजर साझा करते हुए लिखा, आखिरकार यह प्रोजेक्ट आप लोगों से मिलने के लिए तैयार है। मुझे पता है कि हमने आपको बहुत लंबे समय तक इंतजार करवाया है, लेकिन द गर्लफ्रेंड का टीजर रिलीज हो गया है। खास बात यह है कि इस टीजर को विजय देवरकोंडा ने अपनी आवाज दी है। फिल्म का निर्माण अल्लू अरविंद की गीता आर्ट्स के बैनर तले किया जा रहा है। द गर्लफ्रेंड अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका मंदाना अपनी हालिया फिल्म पुष्पा: द रूल की रिलीज को लेकर छाई हुई हैं. अल्लू अर्जुन स्टारर इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है. पुष्पा 2 में रश्मिका और अल्लू अर्जुन के साथ फहाद फासिल भी अहम रोल में हैं। रश्मिका की झोली में लक्ष्मण उतेकर की ऐतिहासिक ड्रामा छावा भी है. छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म में रश्मिका के साथ विक्की कौशल लीड रोल में नजर आएंगे।

रश्मिका के पास साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बन रही सलमान खान की फिल्म सिकंदर भी है। फिल्म साल 2025 में ईद पर रिलीज होगी।

## सोनू सूद की फतेह का पावर-पैक्ड टीजर आउट, एक्शन देख कांप उठेगी रूह, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

**बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद की फतेह का टीजर रिलीज कर दिया गया है इस फिल्म में सोनू ने लीड रोल प्ले किया है साथ ही डायरेक्ट भी किया है। टीजर में सोनू फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उनके द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म में धांसू एक्शन देखने को मिलेगा। हालांकि सिर्फ टीजर से कहानी के बारे में जान पाना मुश्किल है लेकिन सोनू सूद की यह फिल्म साइबर अपराध के खिलाफ आवाज उठाती है।**

फतेह के टीजर की शुरुआत सोनू सूद के डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, एक को मारा तो मुजरिम, हजार को मारा तो बादशाह, मेरी गिनती उससे ऊपर की थी। टीजर में वे कई लोगों की जान लेते नजर आते हैं। वहीं उनके साथ जैकलीन फर्नांडिज उनके लेडी लव के किरदार में हैं। जो उनसे पूछती है कि फतेह तुम्हें करते क्या हो। इस पर सोनू सूद करते हैं- सबको जानना है। सोनू सूद ने टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, किरदार ईमानदार रखना, जनाजा शानदार निकलेगा।

सोनू सूद के अलावा फिल्म में जैकलीन, नसीरुद्दीन शाह और विजय राज अहम रोल में हैं। उनकी झलक भी टीजर में देखने को मिलती है। यह फिल्म एक एक्शन क्राइम है जिसे सोनू सूद ने ही डायरेक्ट किया है। फिल्म को सोनाली सूद और सोनू सूद ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म अगले साल 10 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म के साथ ही सोनू सूद राइटिंग और डायरेक्शन में हाथ आजमाने जा रहे हैं। यह उनकी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म होगी।

टीजर के बारे में बात करते हुए सोनू ने एक इंटरव्यू में कहा, पिछले कुछ सालों में दर्शकों से मुझे जो प्यार मिला है उससे वाकई मैं बहुत खुश हूं। बस वही प्यार मैं फतेह के लिए चाहता हूं, फतेह का टीजर रिलीज हो गया है और यह मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि इसे मैंने डायरेक्ट भी किया है। इसके साथ ही यह एक ऐसे खतरे के खिलाफ आवाज उठाती है जिसे हम बहुत कम आंकते हैं- साइबर क्राइम। दबंग, हैप्पी न्यू ईयर और कुंग फू योगा जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग का दमखम दिखाने वाले सोनू सूद को कोविड 19 के दौरान हजारों प्रवासियों को उनके घर पहुंचाने के लिए देश दुनिया में काफी सरहना मिली थी।

## वजन कम करने के लिए खाते हैं ज्यादा फल तो हो जाएं सावधान!

यूं तो फल खाना सभी की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। सर्दियों में कई तरह के फल से बाजार गुलजार हो जाते हैं। अधिकांश फलों में शुगर की मात्रा बेहद कम होती है। लेकिन क्या आपको पता है अगर आप ज्यादा मात्रा में फल खाते हैं तो ये आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दरअसल फलों में नेचुरल शुगर पाया जाता है, जो सेहत के लिए फायदेमंद तो है, लेकिन इसका ज्यादा मात्रा में सेवन किया जाए तो ये स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल सकता है।

### ज्यादा फल खाने से क्या होता है नुकसान?

फलों में फरुक्टोज पाया जाता है। अगर ये हमारे शरीर में ज्यादा मात्रा में जाता है तो इससे मोटापा, दांतों में इंफेक्शन और पाचन में गड़बड़ी हो सकती है। इसके साथ ही सूजन, दस्त की समस्या भी हो सकती है।



### क्या फल खाने से खराब हो सकते हैं दांत?

फलों में नैचुरल एसिड और शुगर पाया जाता है। इससे दांत खराब हो सकते हैं। फलों में पाए जाने वाले नैचुरल शुगर शरीर में ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकता है। ज्यादा फल उन लोगों के लिए भी नुकसानदायक है जिन्हें डायबिटीज की बीमारी है।

### फल खाने से क्या कम होता है वजन ?

अगर आप वजन घटाने के लिए बहुत ज्यादा फल खा रहे हैं तो इससे फायदे की जगह नुकसान होगा। हेल्दी तरीके से वजन कम करने के लिए आपको केवल फल खाने के बजाय संपूर्ण संतुलित पौष्टिक डाइट लेनी चाहिए।

### दिनभर में कितना फल खाना चाहिए?

एक्सपर्ट के अनुसार, एक दिन में फलों की केवल 4-5 सर्विंग ही लेनी चाहिए। फलों के साथ-साथ सब्जियां, साबुत अनाज, बीन्स, प्लांट बेस्ड प्रोटन को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री साय के सुशासन में संवर रहा युवाओं का भविष्य

# प्रभारी मंत्री लखन देवांगन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा कोण्डागांव जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज कोण्डागांव जिले में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग सुविधा का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री देवांगन ने आज स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही परीक्षा की तैयारियों के लिए युवाओं को किट प्रदाय किया।**






प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खनिज न्यास निधि की राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएमएफकी राशि से आज जिले के बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य के युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनके भविष्य को संवारने का कार्य किया जा रहा है। किसानों से लेकर हर वर्ग के नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं।

राज्य सरकार के इसी प्रयासों से यहां के युवा नि:शुल्क सुविधा का लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाते हुए सफलता प्राप्त करेंगे और देश एवं राज्य के लिए अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के एक साल पूरे हो रहे हैं। राज्य शासन ने कम समय में ही मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल हुई है। राज्य के गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रूपए मिल रही है, किसानों के कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कोचिंग प्राप्त कर रहे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिले में अध्ययनरत 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए भी जेईई एवं नीट परीक्षाओं हेतु कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

#### जिला मुख्यालय में नि:शुल्क कोचिंग सुविधा मिलने से युवाओं में उत्साह

जिला मुख्यालय में नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा से उत्साहित युवाओं ने कहा कि अब जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और जिले में ही रहकर अच्छे से तैयारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के अभ्यर्थियों से कोचिंग हेतु आवेदन मंगाए गए थे, जिसमें कुल 1543 अभ्यर्थियों ने अलग-अलग परीक्षा हेतु आवेदन दिए थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें मेरिट क्रम में 234 अभ्यर्थियों के प्राप्त अंकों के आधार पर यूपीएसी हेतु 19, सीजीपीएससी हेतु 94, व्यापम हेतु 102, आरआरबी हेतु 05, एसआई हेतु 01, एसएससी हेतु 12 एवं बैंकिंग हेतु 01 एवं अभ्यर्थियों की रूचि के आधार पर कोचिंग दी जा रही है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि कोण्डागांव जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे शहरों में जाना पड़ता था। युवाओं के इस परेशानियों को देखते हुए शासन के मंशा के अनुरूप जिला खनिज न्यास की राशि का सदुपयोग हो, इसी के अंतर्गत बच्चों के भविष्य को संवारने और उनके कल्याण के लिए नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरूप कोण्डागांव जिला शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। जिला मुख्यालय में युवाओं को कोचिंग की सुविधा मिलने से उन्हें दूसरे शहर जाने की आवश्यता नहीं पड़ेगी। उन्होंने युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी।

# महतारी वंदन हितग्राहियों की बेटियों के बनेंगे सुनहरे भविष्य

## योजना से मिलने वाली राशि से महिलाओं ने सुकन्या समृद्धि योजना के खोले खाते

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद। राज्य सरकार एक वर्ष पूर्ण करने जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस राशि से महिलाएं न केवल अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा कर रही है, बल्कि भविष्य के लिए भी सुनहरे सपने गढ़ने का काम कर रही है।**





महासमुंद शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों ने प्रतिमाह मिलने वाली राशि के बेहतर सदुपयोग के लिए एक नई सोच गढ़ी है। महिलाएं अपनी लाड़ली बेटियों के सुनहरे भविष्य के लिए योजना से मिलने वाली राशि को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलने और राशि जमा करने के लिए सदुपयोग में ला रही है। आज स्थानीय महासमुंद के ईमली भाठा वार्ड नम्बर 2 में शहरी महिलाएं एकत्रित होकर सुकन्या समृद्धि योजना के फॉर्म भरकर बचत की शुरुआत कर दी है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोस्टमैन को आमंत्रित कर 36 खाता खुलवाए गए। विभाग की पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि ऐसी 36 महिलाओं के फॉर्म आज भरने की शुरुआत की गई जो अपनी बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए बचत करना चाहती हैं।

उन्होंने बताया कि गरीबी और आर्थिक तंगी के कारण कई बेटियां इस योजना से वंचित होने के कगार पर थी लेकिन महतारी वंदन योजना से उन्हें नई सोच मिली और अपने बेटियों के नाम मिलने वाली राशि को जमा करने के लिए तैयार हुई। आज फॉर्म भरने आई वार्ड नम्बर 2 की हितग्राही श्रीमती प्रीति दीवान ने बताया कि उनकी बिटियां ढाई वर्ष की है और उनके लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत फॉर्म भर रही है। यह गुड़िया के लिए पहली जमा राशि होगी। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि मेरे मन में अपनी बिटियां की भविष्य के प्रति हमेशा चिंता रहती थी। लेकिन यह राशि मेरे लिए मददगार साबित हुई और मैं अपनी बिटिया के नाम पर खाता खुलवा रही हूं। उम्मीद है कि इस राशि से बिटिया की पढ़ाई और शादी में मदद मिलेगी। इसी तरह वार्ड नम्बर 2 की श्रीमती मनीषा यादव ने बताया कि उनकी गुड़िया डेढ़ वर्ष की है। इससे पहले मिलने वाली राशि को वह घरेलू कार्य में खर्च कर देती थी। लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के प्रयास से यह प्रेरणा मिली की मैं अपने बिटियां के नाम से राशि जमा कर सकूं। इसी तरह श्रीमती गायत्री देवांगन की एक बिटियां का भी सुकन्या समृद्धि योजना के तहत फॉर्म भरा गया है। उनकी एक बेटी का पहले से सुकन्या समृद्धि योजना में खाता है लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपनी दूसरी बेटी के नाम बचत नहीं कर पा रही थी। इस अवसर पर सभी महिला हितग्राहियों का तिलक लगाकर और आरती कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्रीमती शैल नाविक, पर्यवेक्षक शीला प्रधान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

उल्लेखनी है कि सुकन्या समृद्धि भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करना और उनके शिक्षा एवं विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह एक छोटी बचत योजना है, जिसकी शुरुआत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत की गयी। जिसके अंतर्गत माता-पिता या कानूनी अभिभावक कन्या के नाम से खाता खोल सकते हैं इस योजना के अंतर्गत खाता खुलवाने के लिए बच्ची की आयु सीमा 10 वर्ष से कम होनी चाहिए । यह खाता किसी भी डाकखाने और निर्धारित सरकारी बैंकों में खोला जा सकता है।

योजना के तहत जमा की जाने वाली रकम पर वार्षिक ब्याज अन्य जमा योजनाओं से अधिक आकर्षक ब्याज दर पर है। हर वर्ष जमा की जाने वाली रकम की न्यूनतम सीमा 250 रुपये और अधिकतम सीमा 1.5 लाख रुपये हैं। एक महीने में या एक वित्त वर्ष के दौरान रकम जमा करने की बारम्बारता की कोई सीमा नहीं है। अभिभावक द्वारा 14 वर्षों तक किए गए निवेश के आधार पर ही सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत ब्याज का लाभ प्राप्त होता है।

# कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**नारायणपुर।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम का समापन बालक हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कलेक्टर श्री बिपिन मांझी की अध्यक्षता में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों को ग्रहण करने के लिए उपस्थित युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि खेलकूद, सभ्यता और अपने विचार को अच्छे कामों में लगाकर अच्छे इंसान बने। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी लगन, मेहनत और कर्तव्य के साथ पूर्ण करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने हमेशा देश सेवा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने विद्यार्थियों से अपील किया है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता अंतर्गत सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम स्थान तुलसी मांझी एवं साथियों के द्वारा, दूसरा स्थान सानिया प्रधान एवं साथियों के द्वारा और मनदई एवं साथियों के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। इसी प्रकार सामूहिक लोगगीत में प्रथम स्थान विनिता सलाम एवं साथियों के द्वारा, द्वितीय स्थान प्रिया एवं साथियों के द्वारा मनदई एवं साथियों के तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। एकल लोक नृत्य में प्रथम स्थान सरस्वती कोर्राम, द्वितीय स्थान मनीषा ध्रुव और तृतीय स्थान रोशनी कुमेटी, एकल लोक गीत में प्रथम स्थान गरांजी के पूजा मण्डावी, द्वितीय स्थान श्रीमती लोवन्द्री कोर्राम और तृतीय स्थान कुमारी मीना सलाम, कहानी लेखन में प्रथम स्थान तृप्ति साहु, द्वितीय स्थान सूंदरी नुरेटी और तृतीय स्थान पूर्वशा बघेल, चित्रकला में प्रथम स्थान कंचन साहू, द्वितीय स्थान कामेश्वरी राणा, तृतीय स्थान बिंदिया उसेण्डी, भाषण में प्रथम स्थान समस पोटाई, द्वितीय स्थान सुकलू मतलाम, तृतीय स्थान सकीना कुरैशी, कविता में प्रथम स्थान होमिका नायक, द्वितीय स्थान में युक्ति नायक, तृतीय स्थान लोकेश करसायल, सामूहिक विज्ञान मेला में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऋषिराज देवांगन एवं साथियों, द्वितीय स्थान राकेश तेता एवं साथियों, तृतीय स्थान जागृति आर्य एवं साथियों, व्यक्तिगत विज्ञान मेला में प्रथम स्थान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक के खुशि देवांगन, द्वितीय स्थान धनराज मांझी, तृतीय स्थान सुजित राणा, कृषि उत्पादन में प्रथम स्थान कृषि महाविद्यालय के नरोत्म पटेल एवं साथियों और फेटोग्राफी में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गितिका जैन, द्वितीय स्थान चेतन नाग और तृतीय स्थान लक्ष्मी पटेले के द्वारा प्राप्त किया गया।

# अब तक जिले में 1500 से अधिक लोगों का हुआ प्रकृति परीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद। देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान पूरे देश में 26 नवम्बर से जारी है जो कि 25 दिसम्बर 2024 तक समस्त आयुष संस्थाओं में होगा। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में समस्त आयुष संस्थाओं में प्रकृति परीक्षण का कार्य सक्रिय रूप से जारी है।**

जिले में कार्यरत निजी चिकित्सक जो कि आयुर्वेद की प्रैक्टिस कर रहे हैं और आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में राज्य में पंजीकृत हैं उनके यहां भी यह प्रकृति परीक्षण पूर्णरूप से नि:शुल्क है।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अनुसुइया अग्रवाल का 9 दिसम्बर को प्रकृति परीक्षण किया गया व वहाँ के विद्यार्थियों को कार्यशाला आयोजित करके प्रकृति परीक्षण की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को भी इस बारे में जानकारी दी गई। शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.सर्वेश दुबे द्वारा प्रकृति से संबंधित कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. रागिनी गुप्ता व नर्सिंग सिस्टर श्रीमती मेरी रोस खाखा उपस्थित रहीं।

जी एन एम ट्रेनिंग सेंटर की प्राचार्य व वहाँ के विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय रूप से प्रकृति परीक्षण कराया गया। अब तक जिले में 1500 से अधिक लोग अपना प्रकृति परीक्षण करवा चुके हैं। आयुर्वेद के सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के प्रकृति का निर्धारण उसके गर्भ में रहने के दौरान ही हो जाता है और वह प्रकृति पूरे जीवन अपरिवर्तनीय रहती है। प्रकृति परीक्षण के उपरांत व्यक्ति को उसके प्रकृति के अनुसार आहार विहार आदि की जानकारी उसके मोबाइल में तत्काल प्राप्त हो जाती है, प्रकृति के प्रमाणपत्र के साथ साथ।

प्रकृति प्रमाणपत्र पूरे जीवन उस व्यक्ति के आयुर्वेद की चिकित्सा के समुचित निर्धारण में उपयोगी रहेगा। प्रकृति परीक्षण 18 वर्ष से 70 वर्ष तक के प्रत्येक नागरिक का किया जा रहा है। हर वह व्यक्ति जो कि एंड्रॉयड मोबाइल के साथ है आयुष की संस्थाओं में जाकर अपने प्रकृति का परीक्षण करवा सकता है। अनेको गैर संचारी रोग जैसे कि मोटापा, मधुमेह, गठिया आदि रोगों को प्रकृति परीक्षण के उपरांत प्राप्त आहार विहार को अपनाकर रोक सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में सात प्रकार के दैहिक प्रकृति व 16 प्रकार के मानस प्रकृतियों का वर्णन मिलता है। प्रकृति से व्यक्ति के मनोभावों व भविष्य में होने वाले मानसिक रोगों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को उनके कैरियर चयन में भी सहायक हो सकता है प्रकृति का समुचित निर्धारण। सभी नागरिकों को भारत सरकार के इस मुहिम में भाग लेना चाहिए।

# महतारी वंदन योजना की सहायता एकल महिला पदमा के लिए बना वरदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** राज्य सरकार की नवीनतम महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए घर-परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयोगी साबित हो रही है। विकासखण्ड तोकापाल अंतर्गत एरण्डवाल निवासी एकल महिला पदमा कच्छ इस योजना की सहायता को स्वयं के लिए वरदान मानकर सरकार को धन्यवाद देती हैं। पदमा राज्य सरकार की इस योजना की सहायता मिलने से भावुक होकर कहती हैं कि पति के गुजरने के बाद उसे अपने भरण-पोषण के लिए केवल विधवा पेंशन ही सहारा था लेकिन अब उक्त योजना की मदद उसे जीवन में एक नई आस जगा दी है। निराश्रित लोगों के लिए प्रावधानित अंत्योदय राशन कार्ड से हर महीने 10 किलोग्राम नि:शुल्क चावल भी मिल रहा है। जिससे जीवन-यापन में बहुत सहूलियत हो रही है। उसने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग घरेलू जरूरत को पूरा करने के साथ थोड़ी राशि बचत कर रही हैं प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन सहित उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने और समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# खेत में दफन मिला चार माह से लापता नाबालिग का शव, एक ही परिवार के चार गिरफ्तार

## जशपुर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा, रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में सनसनी खेज मामला सामने आया है। यहां चार माह से लापता एक नाबालिग का शव खेत में दफ्न मिला। जशपुर पुलिस ने खेत में खुदाई कर शव को निकाला और पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। वहीं इस मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो भाई उनके चाचा व मां शामिल हैं। इन सभी ने मिलकर नाबालिग का शव खेत में दफ्नाया था। आरोपियों का कहना है कि लड़की ने आत्महत्या की है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।**





दरअसल जशपुर निवासी प्रार्थी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने जीजा के घर गई थी। 6 अगस्त से 7 अगस्त 2024 के दरमियानी रात को अज्ञात युवक उसे बहला-फुसलाकर उसे जीजी के घर से ले गया। शिकायत के आधार पर जशपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को महुआटोली सुकबासू पारा थाना कुनकुरी निवासी हेमंत प्रधान नाम के युवक के बारे में पता चला जिसके साथ आखिरी बार नाबालिग देखी गई थी।

### हैदराबाद से पकड़ाया संदेही

पुलिस को संदेह था कि नाबालिग को हेमंत प्रधान अपने साथ हैदराबाद ले गया है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पुलिस टीम पतासाजी हेतु हैदराबाद गई थी। हेमंत प्रधान से संपर्क करने पर पता चला कि वह अपनी पुरानी प्रेमिका के साथ रह रहा है। लापता नाबालिग लड़की के संबंध में पूछताछ कर उसके द्वारा बताया गया कि उक्त बालिका को वह अपने साथ लाया था जो की अगले ही दिन बस में बैठकर अंबिकापुर चली गई। हालांकि पुलिस को उसकी बातों पर विश्वास नहीं हुआ और उसे जशपुर लेकर पहुंची। जशपुर लाने के बाद कड़ाई से पूछताछ में उसने सारी सच्चाई बताई।

### जीजा के घर से भगाकर ले गया

हेमंत प्रधान ने पूछताछ में बताया कि 6 अगस्त 2024 की रात को नाबालिग लड़की को जीजा के घर से भगा कर अपने ग्राम महुआटोली ले गया। यहां पर तीन दिनों तक उसे रखा। यह बात उसकी पुरानी प्रेमिका को पता चली तो वह भी हेमंत प्रधान के घर पहुंच गई। नाबालिग लड़की को लाने की बात पर दोनों के बीच काफी विवाद हुआ। इसके बाद वह अपने घर चली गई। हेमंत प्रधान ने बताया कि उसी रात वह नाबालिक को घर में छोड़कर अपने दूसरे घर चला गया। दूसरे दिन सुबह लौटा तो नाबालिग ने कमरे में फांसी लगा ली।

### खेत में दफन कर दिया शव

हेमंत प्रधान के अनुसार नाबालिग को फांसी पर लटकता देख वह घबरा गया। इसके बाद उसने अपनी मां, बड़े भाई निलेश प्रधान व चाचा सत्यनंदन प्रधान को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी ने नाबालिग के शव को पुराने घर माझाडीपा महुआटोली से करीबन दो-ढाई मीटर दूर खेत में दफ्न कर दिया। धान का सीजन होने से शव के ऊपर धान की रोपाई कर दी गई। 11 अगस्त की रात को वह हैदराबाद रवाना हो गया। वहां पहुंचकर अपनी पुरानी प्रेमिका को बुलाकर साथ रहने लगा। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर शव को निकाला गया। आरोपियों के विरुद्ध बी एन एस की धारा 137(2),238,61(2),64 एवम पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि शव का उत्खनन करने के पश्चात, पोस्टमार्डम रिपोर्ट के आधार पर और आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## खास खबर



### मोहारा प्राइमरी स्कूल का सहायक शिक्षक दूसरी शादी कर दहेज प्रताड़ना के आरोप में गिरफ्तार

**खैरागढ़।** ठेलकाडीह पुलिस ने मोहारा प्राइमरी स्कूल का सहायक शिक्षक लोमस वर्मा ने शादीशुदा होने के बावजूद एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका से शादी करने के बावजूद नवविवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मोहारा प्राइमरी स्कूल में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत लोमस वर्मा पर शादीशुदा होने के बावजूद दूसरी शादी करने व नवविवाहिता पत्नी को दहेज के लिए प्रताडित करने की ठेलकाडीह थाना में शिकायत हुई थी। पुलिस ने जांच के पश्चात शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। शिक्षिका पत्नी का आरोप है कि सहायक शिक्षक वर्मा 2020 में एक अन्य लडक़ी से विवाह कर चुके थे। अप्रैल 2024 में उन्होंने दोबारा शादी की। शादीशुदा होने की जानकारी को आरोपी द्वारा छुपाया गया। जिसकी जानकारी हाल ही में सामने आई है। वहीं दूसरी शादी करने के बाद पत्नी को लगातार आरोपी अलग- अलग शारीरिक कारणों का हवाला देकर अपने से दूर रखता था। पत्नी पर शारीरिक और मानसिक रूप से यातना भी देता था। साथ ही आरोपी शिक्षक नवविवाहिता से दहेज की भी मांग कर रहा था। नवविवाहिता ने आरोपी के अलावा उसके परिजनों से भी दहेज मांग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने फिलहाल आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### धमतरी पुलिस यातायात ने अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को दी समझाईश

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार सुगम व सुरक्षित यातायात संचालित करने हेतु उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर चंद्रा के नेतृत्व में यातायात एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता के साथ संयुक्त रूप से अति व्यस्तम मार्ग अंबेडकर चौक से कलेक्ट्रेट मोंड़ तक मार्ग के किनारे पसरा, ठेला गुमठी लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को मार्ग किनारे से हटाकर मार्ग से 10 मीटर दूर पसरा ठेला लगाकर व्यवसाय करने समझाईश दी गई है, दोबारा मार्ग किनारे ठेला पसरा दुकान लगाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

इसी क्रम में कांकेर केशकाल घाटी का निर्माण होने एवं राजाराव पठार में शहीद वीर नारायण सिंह का मेला होने से सिहावा रोड में यातायात का दबाव अत्यधिक होने के कारण सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु सिहावा मार्ग में रोड किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को हटाकर चालानी कार्यवाही कर यातायात व्यवस्थित किया गया। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। यातायात पुलिस व्यवसायीगण से अपील करती है, कि मार्ग किनारे से 10 मीटर दूर में ही पसरा, ठेला लगाकर अपने व्यवसाय का संचालन करें, साथ ही वाहन चालक एवं आमजन शहर में पार्किंग हेतु निर्धारित किये गये पार्किंग स्थल में ही अपने वाहन पार्क करें, नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क न करें, यातायात नियमों का पालन कर यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# भिलाई के मुक्ता ए-2 थिएटर में लूट, आधीरात के बाद आए नकाबपोश, जांच में जुटी पुलिस




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में मुक्त ए-2 सिनेमा में लूट हो गई। रविवार को आधीरात के बाद नकाबपोश बदमाश पहुंचे और गार्ड को चाकू दिखाकर बुकिंग ऑफिस में रखे लॉकर से 1 लाख 17 हजार लूट कर ले गए। नकाबपोश बदमाश वहां का डीबीआर भी ले गए ताकि उनके फुटेज कोई देख न सके। सोमवार की सुबह जब प्रबंधक पहुंचा तो उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच की और रास्ते का सीसी टीवी फुटेज बरामद किया है।

बता दें इन दिनों पुष्पा-2 मुवी का क्रेज चल रहा है। थिएटरों में देर रात तक शो चल रहे हैं। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में मुक्ता ए-2 सिनेमा में भी पुष्पा के शो चल रहे हैं। रविवार को फिल्म देखने सभी शो में दर्शकों की काफी भीड़ पहुंची थी। रविवार को फिल्म का आखिरी शो आधी रात के बाद लगभग 2 बजे छूटा। इसके बाद स्टाफ थिएटर को क्लोज कर चला गया। सुरक्षा के लिए एक गार्ड को तैनात किया गया था।

बताया जा रहा है कि सोमवार तड़के चार बजे के आसपास दो नकाबपोश पहुंचे और गार्ड की पिटाई कर उसके ऊपर चाकू टिका कर एक कमरे में बंद कर दिया। उसके पास से लॉकर की चाबी लेकर दो लॉकर से 1 लाख 17 हजार रुपए निकालकर भाग गए। सुबह जब टॉकीज का स्टाफ ड्यूटी पर पहुंचा तो देखा की सिनेमा हॉल का दरवाजा खुला है। इसके बाद कमरे का दरवाजा खोलने पर गार्ड चीखता हुआ बाहर निकला। गार्ड ने सारी बात बताई तो स्टाफ ने मैनेजर दीपक कुमार को सूचना दी। गार्ड के साथ मैनेजर ने थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को थिएटर से फुटेज नहीं मिले लेकिन रास्ते में लगे सीसी टीवी कैमरे के फुटेज मिले हैं जिसके आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है।

# तेंदूपत्ता गोदाम में दूसरी बार हुई अगजनी से तेदूपत्ता जलकर हुआ खाक




**नारायणपुर।** वन काष्ठगार के पास स्थित तेंदूपत्ता गोदाम में बीती रात को एक बार फिर आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया बावजूद इसके पूरा तेदूपत्ता जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार विगत दो वर्ष पहले इसी गोदाम में 4,000 मानक बोरा तेंदूपत्ता के जलने की पुष्टि वन विभाग ने की थी। वही कुछ महीनों पहले जिले में एक नाले में हजारों बोरों को तेंदूपत्ता फेंककर आग लगाने की घटना भी उजागर हुई थी। वहीं आज की घटना में भी गोदाम में आगजनी के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वन विभाग के अधिकारी आगजनी के मामले पर टिप्पणी करने से बचते नजर आए, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

# चोरियां रोकने शहर में बढ़ेगी गश्त, पुलिस की अपील घर लॉक कर जा रहे हैं तो दें थाने में सूचना

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** इन दिनों शहर में सूने मकानों में सेंधमारी की घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसका कारण कहीं न कहीं लोगों की लापरवाही भी है। शादियों के सीजन में घर लॉक कर जा रहे हैं और इस दौरान घर पर ज्वेलरी व कैश भी छोड़ रहे हैं। इसकी वजह से चोरियां भी हो रही है। शहर में हो रही चोरियों पर कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने एक पहल की है। पुलिस ने अपील करते हुए कहा है कि घर पर ताला लगाकर बाहर जा रहे हैं तो नजदीकी थाने में सूचना दें, ताकि उस जगह पर गश्त बढ़ाई जा सके।

इस पहल को लेकर सुपेला थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में शादी का सीजन चल रहा है। घर पर अपना कीमती सामान जेवर, गहना, नगदी रकम घर में छोड़ के न जाएं। यदि आप परिवार सहित घर से बाहर जा रहे है तो थाने को सूचित करें। यदि आप किसी कारण से घर में ताला लगाकर बाहर जाते है तो इसकी सूचना संबंधित थाने को दें ताकि आपके घरो के आस-पास पुलिस पेट्रोलिंग कर निगाह रख सके तथा चोरी की घटनाओं को रोका जा सके।

टीआई राजेश मिश्रा ने यह भी कहा है कि विगत कुछ दिनो में ऑनलाईन ठगी का मामला बहुत ज्यादा प्राप्त हो रही है जिसे ध्यान में रखते हुए आमजनो से अपील है कि कहीं भी शेयर मार्केट के लालच में पडकर पैसे न लगाए। लालच में पड़ने पर ही आपके साथ ठगी होती है। साथ ही साइबर फ्रॉड व डिजिटल अरेस्ट जैसे चक्कर से बचें। कोई भी अंजान नंबरों से कॉल कर आपकों किसी केस में फंसाने या परिवार के लोगों के नाम पर डराकर पैसों की मांग करे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।

# छात्रावास की तीसरी मंजिल से गिरी छात्रा, हालत गंभीर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर।** जिला मुख्यालय में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा छात्रावास की तीसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। छात्रा के सिर और पैर में गंभीर चोट लगी है, हालांकि, यह हादसा कैसे हुआ इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11 वीं में पढ़ने वाली छात्रा तबियत खराब होने की वजह से वह स्कूल नहीं गई थी, आज सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे छात्रा छत पर थी तभी अचानक वो नीचे आ गिरी, इस दौरान नीचे काम कर रहे मजदूरों ने देखा और स्कूल प्रबंधन को इसकी सूचना दी। इसके बाद आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां गंभीर चोट को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है। गौरतलब है कि छात्रा छत से कैसे गिरी ये अब तक स्पष्ट नहीं है, संबंधित विभाग का कहना है कि छात्रा का पैर फिसलने से हादसा हुआ है, लेकिन छत की बाउंड्रीवाल 3 फिट ऊंची है ऐसे में पैर फिसलने से हादसा होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। यही कारण है कि मामला संदिग्ध नजर आ रहा है, फिलहाल अधिकारी मामले की जांच की बात कह रहे है। दूसरी तरफ हादसे के बाद छात्रा के सहपाठी सदमे में है, एक अन्य छात्रा घटना के बाद बेहोश हो गई थी, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### बालिका आश्रम में 27 बच्चें फूड पाइजनिंग के हुए शिकार



**बीजापुर।** जिले के माता रुखमणी धनोरा बालिका आश्रम में 27 बच्चें फूड पाइजनिंग के शिकार हो गए, जिसमें से 9 बच्चों को आईसीयू में भर्ती किया गया है। बीजापुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी ने बताया कि माता रुक्मिणी धनोरा के बच्चे है, जिन्हें देर रात भोजन करने के बाद उल्टी-दस्त, बुखार आने की शिकायत मिली जिसके बाद मेडिकल टीम को आश्रम भेजा गया 27 बच्चों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। बच्चों का अस्पताल में इलाज जारी है. जिसमें से नौ बच्चों को आईसीयू में भर्ती कराया गया। मंडल संयोजक भूपति नक्का ने कहा कि खाने में कुछ गड़बड़ी होने के कारण बच्चों की तबियत खराब हो गई जिसके जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### पशु तस्करी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** रायगढ़ के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने पशु तस्करों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 9 मवेशियों को मुक्त कराया। मिली जानकारी के अनुसार दीपक माझी (25), निवासी पंजरी प्लांट ने कुछ लोगों को पशुओं को ले जाते हुए देखा और पुछताछ की तो उन्होंने सही जवाब नहीं दिया, जिससे उसे संदेह हुआ। जिसके बाद दीपक ने तत्काल चक्रधरनगर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चक्रधरनगर थाना प्रभारी प्रशांत राव और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ते हुए 9 मवेशियों को तस्करों से मुक्त कराया।

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

### सीएम साय की बड़ी घोषणा

# सोनाखान में खुलेगा पोस्ट मेट्रिक छात्रावास, 23 पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों में लगेंगे सोलर हाई मास्ट लाईट

## मुख्यमंत्री साय ने शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय सोनाखान स्थित शहीद स्मारक में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजो को सम्मानित किया।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोनाखान में पोस्ट मेट्रिक छात्रावास खोलने, सोनाखान मड़ई मेला के लिए 15 लाख देने,23 पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों में हाई मास्ट लाईट लगाने,सोनाखान के 3 तालाबों का अमृत सरोवार में उन्नयन तथा शहीद वीर नारायण के वंशज जो पेंशन के लिए वंचित हैं उन सभी सदस्यों को भी पेंशन देने की घोषणा की। इसके साथ ही 10 हितग्राहियों को पीएम आवास ग्रामीण की चॉबी सौंपा। हितग्राहियो को आयुष्मान कार्ड का वितरण,पीएम जनमन आदर्श पंचायत बल्दाकछार एवं औवराई का सम्मान, आदिवासी समाज के युवा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया।

### शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत हम सब के लिए प्रेरणादायक

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की शहीद वीर नारायण सिंह के जन्म एवं कर्मभूमि में मुख्यमंत्री के तौर पर पहली बार आया हूं। यह पवित्र भूमि गरीबों के लिए बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों की प्राण रक्षा एवं आत्मसम्मान के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिए जो हम सब के लिए प्रेरणादायक है। जिस समय सोनाखान क्षेत्र में आकाल पड़ा तो भूख से तड़पते लोगों की दशा देखकर द्रवित हो गए और गोदाम से अनाज निकाल कर बाँट दिए। उन्होंने अंग्रेजो के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंका दिए। अंग्रेजी सरकार ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर के जय स्तम्भ चौक में फांसी दे दी गई।



### जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा

उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए है जिन्हे उचित सम्मान नहीं मिल पाया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति विभूतियों को सम्मान देने का काम कर रहे है। प्रधानमंत्री ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा की है। विशेष पिछडी जनजाति समुदाय के लोगों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू किया गया है। पीएम ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत प्रदेश के 6 हजार गाँवो को लाभ मिलेगा ।मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर में 9 करोड़ की लागत से शहीद वीर नारायण संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हमारी सरकार ने एक साल में मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वायदे पूरा कर दी है।

### अन्याय और अत्याचार के खिलाफ अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अन्याय और अत्याचार के खिलाफअंग्रेजो से लड़ाई लड़ी। उनका बलिदान इतिहास में अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी समाज के विकास और सम्मान के लिए काम कर रहे हैं। अब जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। आज देश का प्रथम नागरिक आदिवासी समाज की बेटी है तथा प्रदेश का मुखिया भी आदिवासी किसान का बेटा है।कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले सोनाखान बहुत पिछड़ा क्षेत्र था। हमारी सरकार आने के बाद यहाँ तेजी से विकास शुरू हुआ। सभी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।आज एक आदिवासी किसान का बेटा प्रदेश का कमान संभाल रहे है और विकास की गंगा बहा रहे हैं। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी, शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

### 23 स्थानों में 50 से अधिक सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने की तैयारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सोनाखान की धरती से बलौदाबाजार भाटापारा जिले के 23 प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलो के लिए सोलर हाईमास्ट लगाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसमें 23 स्थानों में कुल 50 से अधिक नग सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने की तैयारी की जा रही है। सोलर हाईमास्ट लाईट लगने से पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थल सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। उक्त स्थलों में विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत सिंहासनपाट मंदिर केशला सोनाडीह, कबीरसंत समागम आश्रम चंगोरीपुरी,मावली माता मंदिर सिंगारपुर ,महामाया मंदिर तरेंगा,दुमनाथ मंदिर रामपुर,विकासखण्ड कसडोल अंतर्गतसिध्दखोल वॉटर फॉल,अचानकपुर देव हिल्स् नेचर रिसॉर्ट,बारनवापारा सेंचुरी तुरतुरिया, वीरनारायण सिंह सोनाखान,जैतखाम गिरौदपुरी धाम गिरौदपुरी, तुरतुरिया मातागढ विकासखण्ड पलारी अंतर्गत सिध्द बाबा बालसमुद, विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत दामाखेडा चैतवारी देवी मंदिर धोबनी, खल्लारी माता मंदिर सुहेला शामिल है। उक्त कार्य के लिए नोडल एजेंसी क्रेडा को निर्धारित किया गया है।

### विराट वीर मेला में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय, बोले-

# इतिहास में वही याद रखे जाते हैं, जो कठिन परिस्थिति में अपनों के साथ खड़े होते है

- महिला सदन और पेयजल व्यवस्था के लिए 50 लाख रूपए की घोषणा
- नवा रायपुर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लगेगी शहीद वीर नारायण सिंह की भव्य प्रतिमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की 167 वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इतिहास में वही याद रखे जाते हैं, जो कठिन परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़े होते है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि शहीद वीरनारायण सिंह ने भूख के खिलाफजो संघर्ष छेड़ा, उसे छत्तीसगढ़ सरकार ने जारी रखा है।**



देश को खाद्य सुरक्षा का सबसे बढ़िया माडल छत्तीसगढ़ ने दिया। हमने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी भूखे पेट न सोये। छत्तीसगढ़ में हमने धान खरीदी का एक व्यवस्थित माडल तैयार किया, जिसकी देश भर में प्रशंसा हुई। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को छत्तीसगढ़ में आगामी पांच सालों के लिए लागू कर राज्य के 68 लाख परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें मंगलवार को बालोद जिले के राजाराव पठार करेंझर में आयोजित आदिवासी समाज के विराट वीर मेला में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया और जनजातीय समुदाय के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर मुख्य मार्ग से राजा राव बाबा स्थल तक पहुंचने हेतु पहुंच मार्ग एवं आवश्यकतानुसार पुल-पुलिया निर्माण की स्वीकृति दी। मेला स्थल पर पेयजल व्यवस्था हेतु 20 लाख रूपये और महिला सदन निर्माण के लिए 30 लाख रूपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर के इंटरनेशन क्रिकेट स्टेडियम में शहीद वीर नारायणसिंह की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की भी बात कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री जीआर राणा द्वारा लिखित ''नेक भारत-श्रेष्ठ भारत'' पुस्तक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि हमने 25 दिसम्बर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर 13 लाख किसानों को दो साल के बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए दिये। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हम 3100 रुपए क्विंटल की दर से कर रहे है, जो देश में सर्वाधिक है। पिछले सीजन में हमने 145 लाख मीट्रिक टन की रिकार्ड धान खरीदी की। किसानों को कुल 49 हजार करोड़ रुपए की राशि दी गई है। तेंदूपत्ता संग्राहकों 5500 रूपए प्रति मानक बोरा संग्रहण पारिश्रमिक दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए पीएम जनमन योजना आरंभ की है, इससे पहली बार इनकी बस्तियों में अच्छी सड़कें, शुद्ध पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित हुई हैं। साथ ही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से हमारे 6 हजार 691 जनजातीय गांवों का समग्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हम छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लिए संकल्पित हैं और इसका विजन भी तैयार कर लिया है। इस अवसर पर कांकेर विधायक आशा राम नेताम, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग नंदकुमार साय, पूर्व राज्य अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग जीआर राणा, पूर्व विधायक विधायक प्रीतम साहू, जनप्रतिनिधि राकेश यादव, पवन साहू एवं समाज के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय को भेजा महाकुंभ का आमंत्रण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रयागराज के पवित्र संगम में वर्ष 2025 में आयोजित हो रहे महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण भेजा है। उन्होंने सभी छत्तीसगढ़ वासियों को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की ओर से उनका आमंत्रण लेकर उत्तर प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा और समाज कल्याण राज्य मंत्री संजय गोंड ने मुख्यमंत्री साय से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें आमंत्रण पत्र, पवित्र गंगा जल और कुंभ का प्रतीक चिन्ह सौंप कर उन्हें महाकुंभ में आमंत्रित किया। मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि कुंभ स्थल पर छत्तीसगढ़ का भी एक पंडाल लगाया जाए।

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के पंडाल के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र मंत्रीद्वय को सौंपा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडाल में छत्तीसगढ़ से कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री साय ने मंत्री द्वय का छत्तीसगढ़ में आत्मीय स्वागत करते हुए आमंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में शामिल होना सौभाग्य का विषय है। वे पहले भी कुंभ में शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस बार का कुंभ विशेष है। आमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने दो-दो मंत्रियों को भेजा है। हम महाकुंभ में जरूर आएंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया है कि छत्तीसगढ़ प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अवसर पर महाकुंभ में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस प्रदेश की संस्कृति, विकास और उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए उत्सुक है। छत्तीसगढ़ से महाकुंभ के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के भोजन एवं रहने-ठहरने की व्यवस्था हेतु महाकुंभ क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के लिए भूमि आरक्षित करने का अनुरोध भी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से किया है।

# विकसित छत्तीसगढ़ बनाने सहकारिता क्षेत्र की होगी बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ शासकीय नौकरियों में भर्तियां कर रही है। पिछले एक साल में ही 9 हजार से अधिक पदों पर हमने भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रदेश के आम युवाओं का सपना अब पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में सहकारिता विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 334 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए पारदर्शिता के साथ भर्ती का यह संकल्प दोहराया। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपना दायित्व निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।**



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रायगढ़ जिले के तमनार और जशपुर जिले के बगीचा में अपेक्स बैंक की दो नवीन शाखा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की नवीन शाखा गढ़पुलझर और सिरपुर का वर्चुअल शुभारंभ और अपेक्स बैंक के नवीन शाखा भवन जशपुर का वर्चुअल लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को नमन करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित किया। उन्होंने अनाज के भंडार लोगों के लिए खोल दिए, परोपकार की यही भावना हम सभी के भीतर होनी चाहिए। श्री साय ने अमूल का उदाहरण देते हुए युवाओं को सहकारिता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अपने प्रवास के दौरान सहकारिता को लेकर अमूल्य सुझाव दिये, जिसे हम कार्यान्वित कर रहे हैं। साय ने कहा कि सहकारिता का संबंध किसानों से है और हमें साथ मिलकर उनके जीवन में समृद्धि लानी है। उन्होंने सहकारी और अपेक्स बैंक की नई शाखाएं खुलने पर क्षेत्र के किसानों को अपनी शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहकारिता की भी बड़ी भूमिका होगी और इसमें आप सभी का योगदान अग्रणी रहेगा। श्री साय ने कहा कि अब प्रदेश के युवाओं के मन में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर भय या संशय नहीं होना चाहिए, अब किसान, मजदूर के बेटे-बेटियों की प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सहकारिता का क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह आप सभी को समझना होगा। किसानों के जीवन को खुशहाल बनाने की दिशा में आप सभी काम करें। उन्होंने कहा कि बैंक की नई शाखाएं खुलने से किसानों को बड़ी सहूलियत मिलेगी और हम इस दिशा में आगे भी काम करेंगे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले 1 साल के भीतर 19 विभागों में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारी सरकार पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, आप सभी अपनी सेवा भी इसी ईमानदारी के साथ करें और आम आदमी के जीवन को खुशहाल बनाने समर्पित होकर कार्य करें।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहकारिता विभाग के फील्ड ऑफिसर कार्यालय सहायक, समिति प्रबंधक समेत 334 पदों पर भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गई थी। चयनित अभ्यर्थियों के लिए आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री ने उन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिवार में खुशी का माहौल था। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्रकार सभी चयनित युवाओं ने खुशी जाहिर की और कहा कि यह हम सभी के जीवन के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। सभी अभ्यर्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की नई पारदर्शी व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आयुक्त सहकारिता कुलदीप शर्मा, के. एन. कांडे प्रबंध संचालक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950